'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष : 02 | अंक : 54 | पृष्ठ 08 | मूल्य 01 रुपए | सोमवार ,24 फरवरी 2025 | samachargate@gmail.com



# भाजपा का विजन व नीति स्पष्ट, फरीदाबाद को मिलकर चमकाएंगे: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

## पूरे प्रदेश की जनता में भाजपा के लिए जोश, ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी



- सीएम बोले – आप फरीदाबाद से प्रवीन बत्रा जोशी को मेयर बनाएं बाकी काम मुझ पर छोड़ दो
- मुख्यमंत्री नायब सैनी ने फरीदाबाद में मेयर और पार्षदों के समर्थन में की रैली

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को फरीदाबाद में भाजपा की मेयर उम्मीदवार प्रवीन बत्रा जोशी और पार्षद पद के सभी 46 उम्मीदवारों के समर्थन में रैली की। रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा और केंद्र में मिलकर डबल इंजन की सरकार चल रही है। अब निकाय चुनाव के बाद ट्रिपल इंजन की सरकार और तेज गति से काम करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के लिए जनता में उत्साह और जोश है। विकास को लेकर भाजपा का विजन साफ है और नीति स्पष्ट है। लोकसभा और विधानसभा की तरह जनता निकाय चुनाव में भी भाजपा के साथ है। ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी और फरीदाबाद सहित पूरे हरियाणा को हम सब मिलकर चमकाएंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जनता प्रवीन बत्रा जोशी को मेयर बनाए, पार्षदों को जिताएं बाकी काम मुझ पर छोड़ दें। फरीदाबाद में किसी तरह की कमी नहीं रहने दूंगा। तीन गुना तेज गति से विकास होगा। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि विपक्षी दल भ्रम में न रहें भाजपा की चक्की तेज भी चलती है और बारीक भी पिसती है। सभी अधिकारियों के सख्त निर्देश हैं कि जनता का काम नहीं किया तो हम सख्त फैसले लेंगे। आज सभी डीसी हर रोज सुबह 2 घंटे जनता की समस्या सुनते हैं और समाधान भी करते हैं। सीएम सैनी ने कहा कि मैं खुद समीक्षा करता हूं और लोगों से बात भी करता हूं। जनता को किसी तरह की समस्या नहीं आने देंगे। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि पूरे हरियाणा में निकाय चुनाव में भाजपा के पक्ष में माहौल है और हम ट्रिपल इंजन की सरकार बनाकर मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करेंगे। जनसभा में विभिन्न सेक्टरों की आरडब्ल्यूए और सामाजिक संगठनों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का जोरदार स्वागत किया।

**भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस और अन्य दलों के नेता**

जनसभा के दौरान कांग्रेस और अन्य दलों को अलविदा बोलकर कई नेता और वरिष्ठ कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए। यूथ कांग्रेस के चेयरमैन और पार्षद रहे राजेश भाटिया, पार्षद रहीं कविता जोशी, अश्वनी दुआ, हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी से चुनाव लड़ने वाले और गुरुद्वारा सिंह सभा के प्रधान नवजीत सिंह सन्नी सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा का दामन थामा।

**झूठ बोलता है विपक्ष, युवाओं के रोजगार में अटकाता है रोडे**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा हो या दिल्ली विपक्ष झूठ की राजनीति करता है। दिल्ली में केजरीवाल ने वोट के लिए झूठ बोला कि हरियाणा यमुना के पानी में जहर मिलाता है। मुझे बहुत तकलीफ हुई और खुद जाकर वहां से यमुना के पानी का आचमन किया जहां से यमुना का पानी दिल्ली में जाता है। दिल्ली की जनता ने केजरीवाल को इस झूठ के लिए माफ नहीं किया बल्कि सत्ता से बेदखल भी कर दिया।

**कांग्रेस ने रुकवाई युवाओं की भर्ती, मैंने शपथ लेने से पहले ज्वाइनिंग करवाई**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस के नेताओं ने विधानसभा चुनाव के दौरान नौकरी बेचने की बात कही। इससे युवा घबरा गए और उन्होंने कांग्रेस को बाहर करने का मन बनाया। यही नहीं जब भाजपा ने युवाओं को नौकरी देने की बात कही तो कांग्रेस के नेता चुनाव आयोग के पास चले गए और भर्ती रुकवा दी। लेकिन मैंने वादा पूरा किया और मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने से पहले 25 हजार से ज्यादा युवाओं को नौकरी दी। हरियाणा के इतिहास में यह पहली बार था जब युवाओं को बिना खर्ची बिना पर्ची नौकरी मिली।

**संकल्प पत्र के वादे 100 दिनों में पूरे किए, 500 में सिलेंडर दे रहे, प्लॉट भी दिए**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा संकल्प पत्र के वादे पूरे कर रही है। भाजपा सरकार बने 100 दिनों के अंदर ही बहुत से वादे पूरे किए। आज 15 लाख से ज्यादा महिलाओं को 500 रुपए में सिलेंडर दिया जा रहा है। शहरों में 15 हजार से ज्यादा परिवारों को प्लाट दिए जा चुके हैं और जो बचे हैं उन्हें प्लॉट देने की प्रक्रिया जारी है।

**पंचायती भूमि पर मकान का मालिकाना हक दिया**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रैली में कहा कि पंचायती भूमि पर जिनके मकान बने थे, भाजपा ने उनकी चिंता दूर कर दी है। ऐसे मकानों को तोड़ने का आदेश कभी भी आ जाता था। भाजपा ने कानून बनाया और अब जिसका मकान पंचायती भूमि पर 20 साल से ज्यादा समय से है उसे मालिकाना हक दिया जा रहा है। सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 साल से भाजपा ने देश को मजबूत किया है। भाजपा जो वादा जनता से करती है उसे पूरा करती है।

**इनके लिए मांगा समर्थन**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मेयर प्रत्याशी प्रवीण जोशी एवं विधानसभा फरीदाबाद के वार्ड 14 प्रत्याशी नरेश नंबरदार, वार्ड 31 से सैफाली सिंगला, वार्ड 32 से विनोद कुमार भाटी, वार्ड 33 से ज्योति सिलानी, वार्ड 35 सचिन शर्मा, वार्ड 37 मुकेश कुमार अग्रवाल, वार्ड 39 रूमा नंबरदार सहित सभी उम्मीदवारों के लिये समर्थन मांगा ।

**ये रहे मौजूद**

फरीदाबाद विधानसभा में आयोजित जनसभा में हरियाणा सरकार में राजस्व एवं शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल, खाद्य मंत्री राजेश नागर,मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी, अजय गौड़, विधायक धनेश अदलखा, राष्ट्रीय परिषद सदस्य संदीप जोशी, ज़िला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, ज़िला प्रभारी नरेन्द्र वत्स, अनुशासन समिति की प्रदेश अध्यक्ष नीरा तोमर, पूर्व विधायक टेकचन्द शर्मा, दीपक मंगला, चन्दर भाटिया, पूर्व ज़िला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, पूर्व ज़िला महामंत्री मूलचंद मित्तल, ज़िला महामंत्री सुरेन्द्र जांगड़ा, ज़िला कोषाध्यक्ष राजन मुथरेजा, ज़िला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, ज़िला उपाध्यक्ष पंकज सिंगला, मीडिया सह प्रभारी राज मदान उपस्थित रहे।

# नगर निगम वार्ड नंबर 11 प्रत्याशी रितु शर्मा के जनसंपर्क अभियान में आई तेजी



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** नगर निगम चुनाव के चौथे दिन प्रत्याशी रितु शर्मा ने अपने जनसंपर्क अभियान में तेजी लाते हुए घर-घर डोर टू डोर संपर्क करना शुरू कर दिया है जहां वह महिलाओं व बुजुर्गों से संपर्क के दौरान उनका आशीर्वाद उनको मिल रहा है जिसे देखकर अन्य प्रत्याशियों के होश उड़ गए हैं जिस तरह रितु शर्मा को लोगों का समर्थन मिल रहा है वार्ड नंबर 11 से निर्दलीय उम्मीदवार रितु शर्मा अपने अभियान के दौरान छोटी-छोटी सभाओं को संबोधित कर रही है और साथ-साथ लोगों की समस्याओं को सुनकर उन का निदान करने का विश्वास दिलाया है और उन्होंने कहा कि जिस तरह उनको वार्ड 11 की जनता का आशीर्वाद मिल रहा है जल्द ही नगर निगम में पार्षद रूप में लोगों की समस्याओं को समाधान करेंगी और सरकार के सामने उन समस्याओं को रखकर उन्होंने का निदान करवाएंगी। रितु शर्मा ने कहा की जनसंपर्क अभियान के दौरान उन्होंने गलियों में भी जाकर देखा है जगह पानी सड़कों सीवर समस्याएं हैं जिनको वह जल्दी ही ठीक करेंगे। उन्होंने जनता से अपील की है 2 मार्च को वह उन्हें ज्यादा से ज्यादा वोट देकर साइ-किल का बटन दबाकर उन्हें जीताये और नगर निगम सदन में पहुंचाएं

तांकि वह उनकी समस्याओं समाधान कर सकें। और वार्ड नंबर 11 की जनता की आवाज सदन में उठा सके इस मौके पर उनके साथ पंकज शर्मा देशराज शर्मा जगजीत सरदार जी सुरजीत सिंह सरदार जी संतोष सिंह सरदार जी नाथीराम जी सतबीर विकास गजेंद्र धर्मेंद्र ट्रेलर दिनेश ट्रेलर नीरज शर्मा रमेश काजल दलबीर सिंह जी विजय शर्मा अशोक चेतन कपूर साहब गौरव पठानिया जी आजाद शर्मा प्रेम शर्मा गजेंद्र पाल पार्षद जी और अन्य गण मान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# सभी वार्ड में समस्याएं सुनने के लिए वहीं अधिकारी उपलब्ध कराए जाएंगे: अंजना शर्मा



**समाचार गेट/ सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद मेयर के चुनाव को लेकर निर्दलीय प्रत्याशी अंजना शर्मा ने अपने अभियान को आगे बढ़ाते हुए व उनके समर्थको ने जनसंपर्क अभियानों में अपनी पूरी ताकत लगा अभियानों को तेज कर दिया है। चुनाव प्रचार के चौथे दिन रविवार को अंजना शर्मा ने ओल्ड फर-दाबाद, डबुआ कॉलोनी,अजरौंदा, सेक्टर 15 मार्केट,कई जगह जन सभाएं की और डोर टू डोर लोगों से संपर्क किया।अपने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान कार्यक्रमों में जहां उन्हें जनता का भरपूर समर्थन मिला वही उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना व समझा और कहा कि जल्द ही वह आप लोग के वोट रुपी आशीर्वाद से मेयर पद की कुर्सी पर बैठेंगी। और समस्याओं का निवारण करेंगी। इस मौके पर उन्होंने कहा। फरीदाबाद की जनता अपना कीमती वोट पीपल के पत्ते पर देकर उन्हें विजयी बनाएं और अंजना शर्मा ने कहा मेयर बनने के बाद

बुजुर्गों व महिलाओं के लिए ओपन जिम, युवाओं के लिए प्लेग्राउंड व डिजिटल लाइब्रेरी। खुले में कूड़ा डालने पर पाबंदी लगाई जाएगी। और कूड़े को सही जगह डालने की व्यवस्था करवाई जाएगी। बिजली पानी हाउस टैक्स प्रॉपर्टी आईडी इत्यादि जैसे कामों के लिए हर वार्ड में नगर निगम कार्यालय खुलवाये जाएंगे। सभी वार्ड में उनकी समस्या सुनने के लिए वही अधिकारी उपलब्ध कराए जाएंगे। जानकारी के लिए बता दें अंजना शर्मा 10 बार से भी ज्यादा कैलाश यात्रा करने वाले सुंदर शर्मा की धर्मपत्नी हैं। इस मौके पर जब सुंदर शर्मा जी से बात हुई तो उन्होंने कहा कि अपनी तरफ से पूरी मेहनत करेंगे और बाकी सब कुछ कैलाशी पर छोड़ दिया है।

# एनआईटी 86 के सभी वार्डों में मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी को मिला अपार जनसमर्थन






**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी की केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों में विश्वास करते हुए नगर निगम के चुनाव में जनता खुलकर भाजपा प्रत्याशियों का समर्थन कर रही है। एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में विधायक सतीश फागना व जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा की मौजूदगी में भाजपा की मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी के दर्जनभर कार्यक्रमों में लोगों ने एकमत से कमल के फूल पर वोट डालकर मेयर और सभी वार्ड के प्रत्याशियों को बड़े बहुमत से विजयी बनाने का वादा किया।

एनआईटी फरीदाबाद के गुरुद्वारा नंबर-1, वार्ड-2 के सेक्टर-55, वार्ड-10 के डबुआ कालोनी, एअरफोर्स रोड पर,वार्ड -8 के सोनिया चौक, वार्ड 7 के मंगला पार्ट-2, वार्ड -7 के 55 फीट रोड, वार्ड-9 के बन्नुवाला धर्मशाला, वार्ड -5 के सेक्टर-23, वार्ड -6 एवं वार्ड 11, गुजरात ट्रेन गुरुद्वारा एनआईटी-5 में मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी के जनसंपर्क कार्यक्रम में लोगों ने उन्हें खुला समर्थन देते हुए इस बार छोटी सरकार की कमान उन्हें सौंपने की बात कही। श्रीमती प्रवीण बत्रा जोशी ने एनआईटी विधानसभा के वार्ड -1 प्रत्याशी मुकेश डागर, वार्ड-2 राजेश डागर, वार्ड-5 शीतल खटाना,वार्ड-6 गायत्री देवी, वार्ड-7 सविता भड़ाना, वार्ड -8 राकेश देवी लोहिया,वार्ड-9 संगीता भाटिया, वार्ड-11 बबिता भड़ाना, वार्ड-10 भगवान सिंह को बहुमत से विजय बनाने के लिए कमल पर वोट करने की अपील की।

**फरीदाबाद को एक मॉडल शहर बनाने के लिए संकल्पित: प्रवीण बत्रा जोशी**

जनसंपर्क कार्यक्रमों में अपने संबोधन में भाजपा की मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी ने कहा कि नगर निगम चुनाव में भाजपा के मेयर प्रत्याशी से लेकर हर वार्ड के पार्षद प्रत्याशियों को जनता का जिस तरह से समर्थन मिल रहा है, वह अपने आप में ऐतिहासिक है। जनता इस बात को जानती भी है और मानती भी है कि विकास तो सिर्फ भाजपा की सरकार ही कर सकती जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की बिना पर्ची बिना खर्ची नौकरियों, केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के विकास के रोड मैप पर विश्वास करती है। डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों को जनता के समक्ष प्रस्तुत किया और देवतुल्य मतदाताओं को बताया कि भाजपा सरकार ने पिछले वर्षों में क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी है, जिससे सडक, जल आपूर्ति, स्वच्छता और बुनियादी सुविधाओं में सुधार हुआ है।

जनता ने हर चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का साथ दिया है और मुझे पूर्व विश्वास है फरीदाबाद की जनता इस नगर निगम चुनाव में मेयर और वार्ड पार्षदों के लिए खुलकर कमल के फूल पर वोट करेगी व फरीदाबाद में भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार बनाने का कार्य करेगी। श्रीमती प्रवीण बत्रा जोशी ने कहा कि चाहे देश का भविष्य हो या प्रदेश और किसी शहर का, सबका भविष्य भाजपा के हाथों में सुरक्षित है। भाजपा ने देश को हर कदम पर मजबूत करने का काम किया है। फरीदाबाद को एक मॉडल शहर बनाने केर लिए संकल्पित हूँ, और मेरा सपना है कि हर वार्ड के नागरिक को सम्मान एवं समृद्धि मिले। श्रीमती बत्रा जोशी ने अपील की कि वे फरीदाबाद नगर निगम चुनाव में भाजपा को भारी मतों से विजयी बनाएं, ताकि क्षेत्र में विकास कार्यों को और गति मिल सके और जनता को अधिक सुविधाएँ प्राप्त हो सकें।

## विधायक सतीश फागना व जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा की मौजूदगी में जनता ने दिया पूर्ण समर्थन का वादा

**जनता ने भाजपा के सभी प्रत्याशियों को जिताने का मन बना लिया है: सतीश फागना**

जनसंपर्क कार्यक्रमों में उपस्थित एनआईटी से विधायक सतीश फागना ने कहा कि एनआईटी विधानसभा के सभी वार्डों में जनता का समर्थन भाजपा के साथ है। जनता ने भाजपा के सभी प्रत्याशियों को जिताने का मन बना लिया है।

श्री फागना ने कहा कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस मन से चुनाव भी नहीं लड़ रही। सभी प्रत्याशियों को रामभरोसे छोड़ रखा है। इसका सबसे बड़ा कारण यही है कि जनता का रुख भाजपा की तरफ कांग्रेस को नजर आ रहा है। कांग्रेस सिंबल पर चुनाव तो लड़ रही है लेकिन मैदान से पूरी तरह गायब है। कांग्रेस दिखावे के लिए चुनाव लड़ रही है। चुनाव के बीच में ही कांग्रेस के प्रत्याशी जब भाजपा में शामिल हो रहे हैं। श्री फागना ने जनता से सभी प्रत्याशियों के लिए वोट अपील की।

# लखनऊ में बेकाबू जीप ने 5 गाड़ियों को मारी टक्कर

## रिक्शा, एक्टिवा और कार को 400 मीटर घसीटा सड़क पर पड़ी रहीं महिलाएं









**लखनऊ।** के हुसैन गंज में बेकाबू जीप ने रतन स्क्वायर के पास रिक्शा, एक्टिवा और एक कार समेत 5 गाड़ियों को टक्कर मारते हुए कई लोगों को कुचल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, जीप की चपेट में आने से तीन महिलाओं और एक बच्चे समेत छह लोग घायल हुए हैं। हादसे के बाद लोगों में गुस्सा फूट पड़ा। आरोपी ड्राइवर को भीड़ ने घेर लिया। इस दौरान मौके पर पहुंची पुलिस ने बीच-बचाव कर उसे पास के मारुति सुजुकी शोरूम में बैठा दिया। जीप UP 32 KW 0521 से हादसा हुआ है। गाड़ी सुजीत कुमार गुप्ता के नाम पर है। सिविल के डॉक्टर के अनुसार चार घायलों को डिस्चार्ज कर दिया गया। जिन्हें मामूली चोटे आई थी दो गंभीर घायलों का इलाज चल रहा है। घायल जितेंद्र (25 वर्ष) ने बताया कि वह अपने रिक्शा से सवारी उतारकर उनसे किराया ले रहा था, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रही गाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे यह हादसा हो गया। घायल अंशु पटेल छात्रा (21 वर्ष), जो सिविल सेवा की तैयारी कर रही है। हादसे के वक्त ई-रिक्शा से कोचिंग जा रही थीं। आधे घंटे बाद हुसैनगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपी को हिरासत में लेकर थाने ले गई। हादसे में शामिल जीप को भी जब्त किया गया है। फिलहाल, घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। 20 मिनट तक सड़क पर पड़ी रहीं महिलाएं हादसे के बाद 2 महिलाएं 20 मिनट तक सड़क पर ही पड़ी रहीं। राहगीरों ने उनकी मदद की। इसके बाद एबुलेंस को बुलाया स्टेचर पर लेटाकर अस्पताल भेजा। दो महिलाओं के पैर पूरी तरह फ्रैक्चर हो गए हैं। इन्हें इलाज के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा इतना भयानक था कि सड़क पर खून ही खून था। जो भी गुजरता वह रुककर देखने लगा कि आखिर कितनी बड़ी दुर्घटना हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि जीप चालक तेज रफ्तार में वाहन चला रखा था। लोग उसे रोकने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन वह नहीं रुका।

## संक्षिप्त डायरी

### लखनऊ में देश के 400 बॉडी बिल्डर्स का महा-मुकाबला




**लखनऊ।** के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में बॉडी बिल्डिंग फेडरेशन कप का आयोजन किया गया है। इंडियन बॉडी बिल्डर फेडरेशन द्वारा आयोजित ये 14 वां फेडरेशन कप है। नेशनल स्तर पर आयोजित फेडरेशन कप में उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, मुंबई समेत विभिन्न राज्यों के एथलीट्स और बॉडी बिल्डिंग चैंपियंस हिस्सा ले रहे हैं। इसमें देश के पुरुष और महिला बॉडी बिल्डर्स, एथलीट मंच पर अपनी बॉडी और शक्ति का प्रदर्शन कर रहे हैं। फेडरेशन कप में देश भर के 400 से अधिक एथलीट के बीच में महामुकाबला है। इस मुकाबले को जीतने वाले बॉडी बिल्डर को 10 लख रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में पहुंचे प्रदेश के शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा- युवाओं की पर्सनैलिटी देखकर खुशी हुई। युवाओं ने शरीर को बनाने में बहुत मेहनत किया है। स्पोर्ट्स हमारे अंदर टीम स्पिरिट की भावना पैदा करती है। भारत से जुड़े लोग हमेशा शारीरिक और मानसिक तौर पर स्वस्थ रहते हैं।

### उदादेबी पासी बहुजन संगठन का रोड शो



**लखनऊ।** मलिहाबाद में वीरांगना उदादेबी पासी बहुजन संगठन (महासभा) ने एक विशाल रोड शो का आयोजन किया। संगठन के संस्थापक और राष्ट्रीय संयोजक डॉ. आर के आदर्श के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. आदर्श मलिहाबाद से पूर्व विधायक प्रत्याशी रह चुके हैं। रोड शो की शुरूआत राजकीय उदादेबी महिला विद्यालय से हुई। यह शो बीरपुर, नारायणपुर, जल्लाबाद और गौरैया होते हुए मडवाना तक पहुंचा। मडवाना में लाखन पासी स्मृति द्वार का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम के दौरान गौरैया चौराहे पर डॉ. आदर्श का भव्य स्वागत किया गया। अंकित रावत, नीरज रावत, शिवा रावत, गंगाराम रावत और रोहित रावत समेत बड़ी संख्या में लोगों ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया। सैकड़ों कार्यकर्ता इस रोड शो में शामिल हुए।

### 8वें वेतन आयोग के गठन के लिए रक्षामंत्री से मुलाकात



**लखनऊ।** इंडियन पब्लिक सर्विस एम्प्लाइज फेडरेशन (इप्सेफ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्र के नेतृत्व में आज एक प्रतिनिधिमंडल ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके आवास पर भेंट की। इस प्रतिनिधिमंडल में उपमहासचिव अतुल मिश्रा, उपाध्यक्ष सुरेश रावत, अजय वीर यादव, बाबूलाल शर्मा (दिल्ली), शाह फैयाज (जम्मू), एवं विधि सलाहकार ऋषभ तिवारी उपस्थित थे। वीपी मिश्र ने आठवें वेतन आयोग के गठन, आयकर सीमा में 12 लाख तक छूट देने, सेवानिवृत्ति पर 50% पेंशन देने एवं अन्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए रक्षा मंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने आग्रह किया कि 25 वर्ष की बजाय 20 वर्ष की सेवा पर पूरी पेंशन देने और जीपीएफ बहाल करने की मांग पूरी की जाए। उन्होंने बताया कि भर्ती की अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष होने के कारण कई कर्मचारी 20 वर्ष की सेवा पर सेवानिवत्त होते हैं, इसलिए उन्हें पूर्व की भांति पूरी पेंशन दी जानी चाहिए। आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के हित में प्रस्ताव वीपी मिश्र ने रक्षामंत्री से यह भी आग्रह किया कि आउटसोर्सिंग संविदा कर्मचारियों के लिए न्यूनतम वेतन सुनिश्चित किया जाए, उनकी सेवा सुरक्षा प्रदान की जाए एवं रिक्त पदों पर विनियमितीकरण की नियमावली प्रख्यापित की जाए। इससे इन कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित होगा और वे अपने परिवार का सुचारू रूप से भरण-पोषण कर सकेंगे। रक्षा मंत्री का आश्वासन रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने आश्वासन दिया कि पेंशन में जो कमियां रह गई हैं, उनमें सुधार किया जाएगा। उन्होंने आउटसोर्सिंग संविदा कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा और वेतन में आवश्यक सुधार करने की बात कही। रक्षा मंत्री ने कहा कि वे कर्मचारियों को अपने परिवार का अंग मानते हैं और उनकी समस्याओं का समाधान करने का हरसंभव प्रयास करेंगे।

### खरगापुर में रामचरितमानस पाठ



**लखनऊ।** के ग्राम सभा खरगापुर में मां शीतला मंदिर में दो दिवसीय श्री रामचरितमानस पाठ का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में लखनऊ से आई पार्टी ने फिल्मी धार्मिक तर्ज पर चौपाइयों का गायन किया। जिला पंचायत सदस्य वार्ड नंबर 19 अमरेंद्र भारद्वाज ने भी ग्रामवासियों के साथ रामायण का श्रद्धापूर्वक श्रवण किया। उन्होंने सभी ग्रामवासियों से अपने घरों में श्री रामचरितमानस पाठ के संस्कारों को अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि रामचरितमानस से जीवन में संस्कारयुक्त रहने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में ग्रामवासी और क्षेत्रवासी सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। रात में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी श्रद्धालुओं ने भक्तिमय माहौल का आनंद लिया।

## माकपा द्वारा एक देश एक चुनाव पर सेमिनार आयोजित




**कुशीनगर।** नगर स्थित कसया तहसील के अधिवक्ता भवन में एक देश एक चुनाव ' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने लोक हित में विधेयक को वापस लेने की मांग सरकार से की। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य वक्ता किसान मजदूर मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवाजी राय ने कहा कि मौजूदा सरकार एक बेहद केंद्रीकृत शासन को आगे बढ़ाने के लिए यह विधेयक लाई है। सरकार के पास लोकसभा और राज्य सभा में विधेयक पास करने के लिए मौजूदा दो तिहाई बहुमत नहीं है फिर भी इसे लाया गया है। सरकार इस विधेयक को लोकहित में वापस ले। इसी क्रम में माकपा जिला सचिव अयोध्या लाल श्रीवास्तव, जनार्दन शाही, मोहन गोंड, कांग्रेस नेता रविन्द्र विश्वकर्मा, मोहन गोंड, राघवेंद्र सिंह, इदरीश सिद्दकी आदि वक्ताओं ने एक देश एक चुनाव विधेयक की आलोचना की और कहा कि यह चुनाव मतदाताओं को थकान की ओर ले जा सकता है और स्थानीय मुद्दे महत्व हीन हो जाएंगे। सरकार इस विधेयक पर आगे बढ़ने की बजाय वापस ले और भारत के राज्यों की विविधता, जटिलता और स्वायतता को प्राथमिकता दी जाय। भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत किया जाए। अंत में सभी को संविधान रक्षा की शपथ दिलाई गई। अध्यक्षता एडवोकेट विजय कुमार श्रीवास्तव ने की। इस दौरान एडवोकेट फिरोज अंसारी, हरिनारायण यादव, ईश्वर चंद्र प्रियदर्शी, शम्भु चौहान, कैलाश गोंड, जवाहिर शर्मा, राजेंद्र सिंह, कलामुद्दीन, राम नरेश यादव, रामवृक्ष गिरी, श्रीनारायण, राम बहाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## प्रशासनिक न्यायमूर्ति हाईकोर्ट ने बुद्ध का किया दर्शन पूजन



**कुशीनगर।** बुद्ध स्थली कुशीनगर पहुंचे प्रशासनिक न्यायमूर्ति हाईकोर्ट दीपक कुमार ने राष्ट्रीय स्मारकों का अवलोकन किया और मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर में बुद्ध की लेटी प्रतिमा का दर्शन पूजन कर चीवर चढ़ाया। प्रशासनिक न्यायमूर्ति हाईकोर्ट दीपक कुमार सर्व प्रथम रामा भार स्तूप पहुंचे और दर्शन, पूजन, परिक्रमा की। वहां उन्हें कुशीनगर के ऐतिहासिक, पुरातात्विक महत्व की जानकारी गाइडों और भिक्षुओं द्वारा दी गई। वह थाई मोनेस्ट्री भी गए और वहां का अवलोकन किया। इसके पश्चात व्याख्यान केंद्र में बुद्ध के जीवन से जुड़े पहलुओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से देखा। इसके पश्चात मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर में भंते डॉ नन्द रतन, भंते नंदिका, भंते उपाली और भिक्षुओं के धम्म वंदना के बीच बुद्ध की लेटी प्रतिमा का दर्शन पूजन कर चीवर चढ़ाया। इस अवसर पर जिलाजज कुशीनगर सुशील कुमार शशि, एडीजे पास्को कोर्ट दिनेश कुमार, एडीजे एससी , एसटी सुनील यादव, एडीजे रिजवान अहमद, सहायक पुरातत्व सर्वेक्षण अधिकारी शादाब खान और अन्य मौजूद रहे। इससे पूर्व शनिवार को कुशीनगर सिविल बार एसोसिएशन कसया के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में 15 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल प्रशासनिक न्याय मूर्ति हाईकोर्ट दीपक कुमार से पडरौना में मिला और उन्हें पत्रक सौंपकर बाह्य दीवानी न्यायालय कसया के क्षेत्राधिकार को वापसी की मांग की। इस दौरान मंत्री अश्वनी शुक्ल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश द्विवेदी, पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय, रविन्द्र मणि, अशोक राय, पूर्व मन्त्री जलज सिंह, अरविंद दूबे आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## खेल से प्रेम और सौहार्द की भावना विकसित होती है:रिंकू कुमार

### राजकीय पॉलीटेक्निक में हुआ वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



**कुशीनगर।** राजकीय पॉलीटेक्निक मुजहना हाटा कुशीनगर में आयोजित वार्षिक खेल खुद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर सराहना बटोरी। वार्षिक खेल का शुभारंभ फीता काटकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर कालेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य रिंकू कुमार ने कराया। उन्होंने कहा कि खेल और शिक्षा दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। इससे शारीरिक, मानसिक और शैक्षणिक विकास को बल मिलता है। खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। इससे प्रेम और सौहार्द की भावना विकसित होती है। संस्था के खेल प्रभारी अंकित सिंह और खेल अधिकारी बिपुल कुमार पांडेय की देखरेख में संपन्न हुए खेलकूद में 200 मीटर दौड़, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, भाला फेंक, डिस्कस थ्रो, गोला फेंक के साथ साथ वॉलीबॉल जैसे खेलों में खिलाड़ियों ने खेल भावना और अनुशासन का बेहतरीन प्रदर्शन किया। खिलाड़ी संस्था स्तर पर बने मेजर ध्यानचंद क्लब, पी टी उषा क्लब, मिल्खा सिंह क्लब में शामिल थे। विजेता खिलाड़ी नियाज अहमद, शौर्य, मोहित पासवान, अमन वर्मा, अभिषेक के साथ छात्राओं में आफरीन खातून, शालिनी त्रिपाठी, शालिनी धवन और स्नेहा चौधरी आदि को प्रधानाचार्य और अतिथियों द्वारा मेडल और अन्य पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यवाहक प्रधानाचार्य रिंकू कुमार ने सफल आयोजन के लिए सभी के प्रति आभार जताया।

उन्होंने सभी चयनित विजेता खिलाड़ी को आगे जोनल गेम्स एवं खेलो इंडिया में भाग लेने और उसकी तैयारी निरंतरता के साथ करते रहने की सलाह दी। इस अवसर पर संस्था के प्रवक्ता विनय पांडे, श्रीमती शालिनी त्रिपाठी, प्रशांत गुप्ता, संदीप रौनियार, प्रदीप कुमार, सौरभ सिंह, राहुल सिंह, राणा प्रताप चौधरी, सूरज वर्मा, अमित कुमार, हरिओम गुप्ता, अनुदेशक राहुल प्रजापति, अजीत भाटिया, मुरलीधर गुप्ता, संदीप यादव और पुस्तकालयाध्यक्ष अमित गुप्ता मौजूद रहे।

## रोटरी के सदस्यों ने हर्षोल्लास से मनाया विश्व रोटरी दिवस



**कुशीनगर।** अंतरराष्ट्रीय सामाजिक संस्था रोटरी क्लब कुशीनगर के सदस्यों द्वारा विश्व रोटरी दिवस के अवसर पर रोटरी इंटरनेशनल का 120 वां स्थापना कुशीनगर स्थित कलश होटल में केक काटकर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रोटरी क्लब कुशीनगर के अध्यक्ष वाहिद अली ने कहा कि 23 फरवरी 1905 में स्थापित रोटरी क्लब ने सामाजिक सेवा के अपने उद्देश्यों को आत्मसात करते हुए पूरे विश्व में मानव सेवा के प्रकल्पों को सतत संचालित कर रहा है। रोटरी क्लब एक अंतरराष्ट्रीय गैर राजनीतिक, गैर धार्मिक स्वयंसेवी संस्था है। कोई भी व्यक्ति जो समाज सेवा करना चाहता है रोटरी क्लब कुशीनगर में अपनी सहभागिता दे सकता है। रोटरी क्लब सचिव अजय सिंह ने बताया कि रोटरी क्लब निरंतर 120 वर्षों से पूरे विश्व में सेवा कार्यों को संपादित कर रहा है। इसी संकल्प को आत्मसात करते हुए रोटरी क्लब कुशीनगर ने 2024-25 सत्र में कुशीनगर में सामाजिक सेवा के क्षेत्र में विविध कार्यों को निष्पादित किया है। पल्स पोलियो जैसी घातक बीमारी को भी विश्व से साफ करने में रोटरी क्लब का अहम योगदान है। रोटरी क्लब कुशीनगर कोषाध्यक्ष दुर्गेश चतुर्वेदी ने बताया कि आगामी 23 मार्च 2025 को शहीद भगत सिंह सुखदेव और राजगुरु के शहीद बलिदान दिवस पर रोटरी द्वारा रक्तदान शिविर का भी आयोजन प्रस्तावित है। इस अवसर पर दीपेश कुमार सिंह एवं डॉ. रिजवान आलम को रोटरी पिन लगाकर औपचारिक सदस्यता दिलाई गई। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष साहिल अहमद, उपाध्यक्ष दिनेश यादव, संयुक्त सचिव अखिलेश शर्मा, संयुक्त कोषाध्यक्ष सद्रे आलम, निदेशक डॉ सुनील सिंह, निदेशक अंकुर तुलस्यान, निदेशक गोपीचंद कसौधन, सार्जेन्ट एट आर्म्स विजय कृष्ण द्विवेदी, गौरव मद्धेशिया, फैयाज खान, महेंद्र तिवारी मोनू, इम्तियाज आलम, डॉ. जे.के.पटेल, गोपीचंद कसौधन, विनोद वर्मा, डॉ. श्याम बिहारी जायसवाल, अमरेंद्र नारायण सिंह, हेमन्त गर्ग, गोविंद सिंह, विजय सिंह, रंजीत श्रीवास्तव, सत्येन्द्र राय, रिजवान आलम, शिवजी जायसवाल, दीपेश कुमार सिंह एवं आदिल खान उपस्थित रहे।

## माघी पूर्णिमा पर थाई मंदिर से निकली पवित्र बुद्ध धातु शोभायात्रा





**कुशीनगर।** बुद्ध स्थली कुशीनगर स्थित थाई मंदिर से गाजे - बाजे, हाथियों और मन मोहक झांकियों के साथ पवित्र बुद्ध धातु शोभायात्रा निकाली गई तथा मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर में बुद्ध की लेटी प्रतिमा का दर्शन, पूजन कर चीवर चढ़ाया गया और विश्व कल्याण की कामना की गई। माघी पूर्णिमा के अवसर पर रविवार को आयोजित समारोह के चौथे दिन थाई संघा भारत नेपाल के चीफ भन्ते फ्रा थे बोदियोंग की उपस्थिति और थाई मंदिर के प्रमुख भिक्षु फ्राविडेश्वचिरावन (डा0 पी सोम पोंग) के देख रेख में थाई मंदिर में नौवें महाराजा की प्रतिमा के समक्ष प्रमुख थाई बौद्ध गुरु श्रीसमिथ फ्रामहाथिरचान और रॉयल थाई एयरफोर्स कमांडर इन चीफ एयर मार्शल पुनपक्दी पट्टानकुल और 16 थाई अतिथियों, भिक्षुओं, उपासकों ने धम्म पाठ के साथ कैंडल जलाकर आह्वान पूजन और विशेष पूजा कर ओपनिंग सेरेमनी/वार्षिकोत्सव का शुभारंभ किया। इसके पश्चात मंदिर से स्वर्ण कलश में रखे भगवान बुद्ध की अस्थि को रथ पर बने कांच के सुशोभित रथ पर रखा गया। शोभायात्रा में थाई कलाकार अलग, अलग टोलियों में आकर्षक नृत्य कर रहे थे। थाई राज परिवार, बुद्ध, राम दरबार, राधा कृष्ण, शिव परिवार आदि झांकियां स्कूली बच्चों ने सजाई थी। रथों पर बौद्ध भिक्षु, थाईलैंड के अतिथि चल रहे थे। भिक्षु संघ अध्यक्ष भंते ज्ञानेश्वर, आयोजक श्रीसमिथ पोंगरोथ, मिसेज किरिनरात, चिया युवान, मिसेज अमपोर्न, मिसेज विफा, चावा लित, विधायक पीएन पाठक, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, नपाप कुशीनगर अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश कुमार जायसवाल आदि शोभायात्रा के साथ चल रहे थे। शोभायात्रा मुख्य मंदिर पहुंची जहां विधि विधान से पूजन अर्चन किया गया। विधायक पीएन पाठक ने कहा कि आयोजन से भारत - थाई के बीच संबंध प्रगाढ़ होंगे। इस दौरान फ्रा खू सोन क्रान, भंते समिट, भंते अचान पविन, भंते कितिफान, टीके राय, अंबिकेश त्रिपाठी, ओमप्रकाश कुशवाहा, विवेक कुमार गोंड, सूरज यादव, गौतम शर्मा, अमिताभ त्रिपाठी सहित बुद्ध इंटर कालेज के एनसीसी कैडेट्स, विभिन्न विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया।

## संपादकीय

# महाकुंभ के बहाने सनातन के अपमान



प्रयागराज में दिव्य-भव्य महाकुंभ के आयोजन की तैयारियों के समय से ही इंडी गठबंधन के सभी दलों के नेता किसी न किसी बहाने इसकी आलोचना कर रहे थे किन्तु इसके सफलतापूर्वक संचालित होते हुए देखने के बाद तो वो इसको विफल करने के लिए तरह तरह के प्रयास कर रहे हैं और अपने वक्तव्यों से महाकुम्भ मेले की आड़ में सनातन धर्म और हिन्दू आस्था का निरंतर अपमान कर रहे हैं। खडगे के क्या कुम्भ में नहाने से गरीबी दूर होगी, से शुरू हुआ ये अपमान अब महाकुम्भ को मृत्यु कुम्भ कहने तक जा पंहुचा है। बिहार के चारा घोटाले के मुख्य आरोपी न्यायपालिका की दया से जमानत पर बाहर घूम रहे बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने महाकुंभ को फालतू का कुंभ कहा और फिर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सभी सीमाओं को पार करते हुए महाकुंभ को मृत्युकुंभ कह डाला जिससे संपूर्ण हिंदू समाज आक्रोशित है। मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति में अंधे हो चुके इन सभी दलों के नेताओं को यह महाकुंभ इसलिए रास नहीं आ रहा है क्योंकि यह अब तक का सर्वाधिक सफल महाकुंभ बनने जा रहा है। इस महाकुंभ से सनातन हिंदू समाज की एकता का जो ज्वार उभरा है उससे मुस्लिम परस्त दलों को अपना भविष्य अंधकारमय दिख रहा है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जिस प्रकार से महाकुंभ को मृत्युंकुंभ कहा है उससे यह साफ प्रतीत हो रहा है कि उन्हें अब 2026 में राज्य के विधानसभा चुनावों में संभावित हिन्दू एकता से भय लगने लगा है। इंडी गठबंधन के कई दलों के प्रमुख नेता जहाँ महाकुंभ की आलोचना कर रहे हैं वहीं उन्हीं दलों के बहुत से नेता वीवीआईपी टीट्रमेंट के साथ गंगा नदी में पुण्य की डुबकी लगा रहे हैं। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह, डीके शिवकुमार, अजय राय, सचिन पायलट यह सभी माँ गंगा में डुबकी लगा चुके हैं। यूपी में समाजवादी पार्टी ने तो महाकुंभ के खिलाफ एक नियमित अभियान ही चला दिया है। सपा के प्रवक्ता टीवी चैनलों पर कह रहे है कि हम विरोधी दल हैं हमारा तो काम ही सरकार से व्यवस्थाओं पर सवाल करना है। तो सरकार पर सवाल करो ना, सनातन पर क्यों कर रहे हो? सपा के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी महाकुंभ के खिलाफ खूब दुष्प्रचार किया जा रहा है। महाकुंभ -2025 पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के लिए सपा सांसद अफजाल अंसारी पर मुकदमा तक दर्ज हुआ है क्योंकि उन्होंने कहा था कि संगम पर भीड़ देखकर लगता है कि स्वर्ग हाउसफुल हो जायगा। उत्तर प्रदेश विधान सभा सत्र में बोलते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ को फालतू कुंभ और मृत्यु कुंभ बताने वालों को सटीक और कड़ा जवाब दिया। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में कहा कि सनातन का आयोजन भव्यता से करना अगर अपराध है तो ये अपराध मेरी सरकार ने किया है आगे भी करेगी। मुख्यमंत्री ने अपने बयान में सपा पर हमलावार होते हुए कहाकि सोशल मीडिया हैंडल देखें तो वहां की भाषा उनके संस्कारों को प्रदर्शित करती है यह भाषा किसी सभ्य समाज की नहीं हो सकती। ये लोग अकबर का किला जानते थे लेकिन अक्षयवट और सरस्वती कूप नहीं जानते थे, ये इनके सामान्य ज्ञान का स्तर है। मुख्यमंत्री ने कहा इतने बड़े सनातन धर्म के आयोजन में कोई भूखा नहीं रहा, महाकुंभ में जो आया वो भूखा नहीं गया। महाकुंभ की यात्रा अंतर्मन की यात्रा है और यहां पर आने वाला हर श्रद्धालु निष्कपट भाव से एकरस होकर एक विचार के साथ पवित्र संगम की डुबकी लगाने के लिए आ रहा है और विरोधी दलों के नेता उन सभी श्रद्धालुओं की सेवा और सत्कार करने के बजाय उन सभी की आस्था का घोर अपमान कर रहे है। दूर दराज से आ रहे श्रद्धालुओं के चेहरे पर कोई शिकन नहीं है अपितु उनके मन में एक संकल्प है और वह अपने संकल्प की सिद्धि के लिए पूर्ण अनुशासन, धैर्य, संयम के साथ आगे बढ़ते जाते हैं।

## बाबा राधेदास की पुण्यतिथ पर कनीना में भंडारे का आयोजन आज

**कनीना सुनील दीक्षित कनीना**

के बाबा राधेदास महाराज की पुण्यतिथि पर आज सोमवार 24 फरवरी को भंडारे का आयोजन किया जायेगा। बाबा राधेदास आश्रम के संचालक बाबा राजेशदास ने बताया कि फाल्गुन की शुक्ल पक्ष एकादशी को आयोजित भंडारे से पूर्व रात्री का जागरण किया जायेगा। सोमवार को सुबह सवा आठ बजे हवन होगा जिसमें नगर के प्रबुधजन हिस्सा लेगें वहीं सवा 11 बजे भंडारा प्रारंभ होगा जिसमें श्रधालुओं को प्रसाद किया जायेगा। जिसमें गायक कलाकार धार्मिक भजनों की प्रस्तुजी देगें।

## पुलिस टीम ने छापेमारी कर एक व्यक्ति से 7 बोतल व 16 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद की

**कनीना सुनील दीक्षित**

कनीना थाना पुलिस टीम ने छापेमारी कर एक व्यक्ति से 7 बोतल व 16 पव्वे देशी शराब बरामद करने में सफलता हासिल की है। इस बारे में थाना इंचार्ज रविंद्र सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर भडफ की ओर छापेमारी की। जहां से एक व्यक्ति आता दिखाई दिया जिसे रोककर पूछताछ तो उसके बैग से 7 बोतल व 16 पव्वे अवैध देशी शराब मार्का रसीला संतरा बरामद हुई। आरापी की पहचान दलीप सिंह वासी वार्ड 8 कनीना के रूप में हुई। पुलिस ने अवैध शराब बेचने के आरोपी के विरूध आबाकरी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## पुलिस टीम ने छापेमारी कर एक व्यक्ति से नशीला पदार्थ गांजा बरामद किया

**कनीना सुनील दीक्षित**

कनीना शहर थाना पुलिस टीम ने छापेमारी कर एक व्यक्ति से नशीला पदार्थ गांजा बरामद करने में सफलता हासिल की है। थाना इंचार्ज रविंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के निर्देशानुसार नशे के नेक्सस को तोडने के लिए लतागार प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पटवार खाना गलि में दबिश दी जहां एक व्यक्ति गांजा लिए खडा था। जिसकी पहचान मंजीत वासी चेलावास के रूप में हुई। पुलिस कर्मचारियों ने उसे काबू कर पूछताछ की। ड्यूटी मैजिस्टेट ईटीओ विक्रांत यादव की उपस्थिति में कागजी कार्रवाई पूरी कर तलाशी ली तो उसकी जेब से पोलीथीन मिली। जिसमें गांजा भरा हुआ था। जिसका वनज 48-26 ग्राम मिला। पुलिस ने गांजा बेचने के आरोपी मंजीत के विरूध एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू करदी है।

---

**अंतरराष्ट्रीय शिल्प महाकुंभ का हुआ भव्य समापन**

# देशी विदेशी कलाकारों -पर्यटकों ने हरियाणा सरकार का जताया आभार

### सुरक्षा, स्वच्छता और सौहार्द – हरियाणा सरकार के बेहतरीन प्रबंधों की मिसाल

**नईदिल्ली। एजेंसी**

विश्व प्रसिद्ध, 38 वां सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प महाकुम्भ रविवार की शाम उत्साह और उमंग के साथ विधिवत रूप से संपन्न हुआ। देश-विदेश से आए पर्यटक, शिल्पकार, कलाकार, और स्टॉल संचालकों ने इस भव्य मेले के सफल आयोजन के लिए हरियाणा सरकार और मेला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

इस मेले ने एक बार फिर अपनी सांस्कृतिक विविधता, हस्तशिल्प, पारंपरिक लोक कलाओं और खानपान की विविधता से लाखों लोगों को आकर्षित किया। 17 दिनों तक चले इस मेले में लाखों की संख्या में देश- विदेश के पर्यटकों ने शिरकत की और विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लिया। सभी स्टॉल संचालकों, शिल्पकारों और कलाकारों ने हरियाणा सरकार द्वारा किए गए बेहतरीन प्रबंधों की सराहना की। प्रशासन की ओर से की गई व्यवस्थाएं जैसे स्वच्छता, सुरक्षा, यातायात नियंत्रण और सुविधाजनक प्रवेश-निकास




व्यवस्था ने इस मेले को और भी यादगार बना दिया। कई कलाकारों ने कहा कि सूरजकुंड मेला हर साल उनकी कला और संस्कृति को वैश्विक मंच प्रदान करता है।

देश-विदेश से आए पर्यटकों ने इस मेले में अपनी भागीदारी को शानदार अनुभव बताया। विदेशी मेहमानों ने भारतीय हस्तशिल्प और संस्कृति के प्रति अपनी गहरी रुचि व्यक्त की। जैसे ही सूरजकुंड मेले का समापन हुआ, कलाकारों, स्टॉल संचालकों और पर्यटकों ने अगली बार फिर मिलने की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि यह मेला न केवल संस्कृति और व्यापार के लिए बल्कि परस्पर संवाद और सौहार्द के लिए भी एक बेहतरीन मंच है।

### सूरजकुंड मेले के दिवाने हुए विदेशी आर्टिस्ट, बार बार बुलाने का किया आह्वान

अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला के दौरान थाईलैंड, गिनी सहित अन्य विदेशी आर्टिस्ट ने हरियाणा सरकार और मेला प्रशासन की तारीफ की।

थाईलैंड की सिंगकाई बैंड की संचालक अरूणो थाई और उनकी टीम ने कहा कि वे पहली बार सूरजकुंड मेले में आए है। यहां आकर विश्व भर के देशों की संस्कृति और परंपरा को मंच के माध्यम से देखने का अवसर मिला है।

वहीं भारत के लजीज व्यंजनों के वह दीवाने हो गए हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी और पर्यटन मंत्री डा. अरविंद कुमार शर्मा से उन्होंने सूरजकुंड मेला में बार-बार बुलाने का आह्वान किया है।

### पर्यटकों को खूब लुभाया सूरजकुंड मेला

मलावी देश की पर्यटक एवं स्टॉल संचालक एंजेला और उनके सहयोगी रजब ने कहा कि वह सूरजकुंड मेले में पहली बार आए हैं। यहां पर देश-विदेश की संस्कृति और शिल्पकारी उन्हें बेहद पसंद आई। इसके अलावा सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला में की गई व्यवस्थाएं बहुत अच्छी रहीं।

उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी और पर्यटन मंत्री डा. अरविंद कुमार शर्मा द्वारा शिल्पकारों, बुनकरों तथा कलाकारों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का यह मंच प्रदान करने के कार्य की सराहना की। वहीं गोवा की पर्यटक फरजाना सैयद ने कहा कि सूरजकुंड मेले का अनुभव काफी अच्छा रहा। आगे भी वह इस अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में आती रहेंगी। यहां का खान-पान और लोक संस्कृति उनके मन को भाया है। वह अपने परिजनों और साथियों को अगले साल लगने वाले सूरजकुंड मेले में साथ लेकर आएंगी। उन्होंने सूरजकुंड मेला प्रशासन द्वारा की गई समस्त व्यवस्थाओं की खूब सराहना की।

---

# कितनी भी रैलियां कर लो जीतेगा तो यादव परिवार ही: दीपक यादव

## पिछले कार्यकाल में सबसे युवा पार्षद रहे हैं दीपक यादव





**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**बल्लभगढ़।** नगर निगम चुनाव के लिए मतदाता अपने पूरे जोश-उत्साह के साथ प्रचार में दिन रात लगे हुए हैं। वार्ड 42 से यादव परिवार के जाने पहचाने चिराग दीपक यादव भी लगातार जनसंपर्क अभियान करने में लगे हुए हैं। निर्दलीय उम्मीदवार दीपक यादव का कहना है कि हमारे परिवार को और हमारे काम को बल्लभगढ की जनता जानती है और पहचानती भी है। भाजपा द्वारा मतदाताओं को रैलियों के जरिए रिझाने की जितनी कोशिशें हो रही हैं, उससे पता चलता है कि वह कर्म पर विश्वास नहीं रखते क्योंकि कर्म अगर अच्छे होते तो सीएम को पार्षद उम्मीदवारों के लिए मैदान में उतरने की जरूरत नहीं पड़ती। जानकारी के लिए बता दें कि नामांकन के पहले ही दिन राव रामकुमार के छोटे बेटे पवन यादव वार्ड 40 और उनकी पुत्रवधु रश्मि यादव ने वार्ड 43 से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप मैं पार्षद पद के चुनाव के लिए नामांकन किया था। हिन्दी दैनिक समाचार गेट के संवाददाता ने जब दीपक यादव से 4 दिन बाद नामांकन भरने का कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि वार्डबंदी होने के कारण राव परिवार के हजारों समर्थकों का वोट बैंक वार्ड 42 में आ गया है एवं उनके आग्रह एवं आश्वासन पर ही पूर्व पार्षद दीपक यादव को वार्ड 42 से नामांकन भरना पड़ा था।

**हमारा परिवार पहले से ही जनता की सेवा करता आया है और आगे भी करता रहेगा: राव रामकुमार**

पूर्व पार्षद एवं बल्लभगढ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राव रामकुमार ने बताया कि दीपक यादव ने अपना कार्यकाल सफलता पूर्वक पूरा किया है। अभी तक दीपक यादव के के उपर ऐसा कोई भी आरोप नहीं है जो इसके उपर दाग लगाता हो, साफ सुथरी छवि के साथ दीपक ने निस्वार्थ भावना से सबके काम किए हैं। मुझे पूरा विश्वास है और जनता जनार्दन सब जानती है दीपक को फिर से लोगों की सेवा करने का मौका हमें मिलेगा। हमें उम्मीद है कि नगर निगम के चुनाव में दीपक यादव को जीत मिलेगी। 2010 से अब तक निरन्तर हमारा परिवार पद के साथ जनता की सेवा में लगा हुआ है, और बिना पद की बात करें तो हमारा परिवार हमारे बुजुर्ग, हमारे दादा, हमारे पड दादा सैकड़ो सालों से बल्लभगढ़ की जनता की सेवा करते आए हैं और उसी के प्रतिफल जनता हमें 2 मार्च को अपना आशीर्वाद देगी, ऐसा हमें पूर्ण विश्वास है।

**मैं नहीं वार्ड 42 की जनता लडेगी यह चुनावः दीपक यादव**

भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री चाहे कितनी भी रैलियां कर लें बल्लभगढ़ में हमारा काम बोलता है। पूर्व पार्षद दीपक यादव ने बताया कि सभी देवतुल्य बुजुर्गों और जनता के आशीर्वाद से ही मैंने वार्ड नंबर 42 से नामांकन भरा है। यह इलेक्शन मैं नहीं वार्ड 42 की जनता लड़ रही है। जिस तरीके से दोनों वार्डों में राव रामकुमार जी को 2010 में क्षेत्र की जनता ने निर्दलीय पार्षद की जिम्मेदारी दी थी तब यह अकेले इस तरह के पार्षद थे जिन्होंने अपने खर्च से कार्य कराने का काम किया और जब उन्हीं के पदचिह्नों पर चलते हुए 2017 में इसी जनता ने मुझे सबसे युवा पार्षद होने का गौरव देकर सदन में भेजने का कार्य किया था तो मैंने भी सड़क से लेकर सदन तक उनकी आवाज उठाने का कार्य किया।

---

# हरियाणा कांग्रेस ने निकाय चुनाव के लिए जारी किया घोषणा पत्र

### निगम आपके द्वार कार्यक्रम शुरू किया जाएगा

### प्रॉपर्टी आईडी तुरंत दुरुस्त होंगी, हाउस टैक्स का होगा सरलीकरण

**गुरुग्राम,।** हरियाणा में निकाय चुनाव को लेकर रविवार को कांग्रेस की ओर से हरियाणा का घोषणा पत्र जारी किया गया। गुरुग्राम के कांग्रेस भवन में पत्रकार वार्ता में घोषणा पत्र जारी करते हुए वरिष्ठ नेताओं ने प्रदेश के मतदाताओं से निकाय चुनावों में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत देते हुए विजय बनाने की अपील की। गुरुग्राम के कांग्रेस भवन में घोषणा पत्र जारी करने के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश अध्यक्ष उदयभान, पूर्व मंत्री कप्तान अजय सिंह यादव, प्रभारी करण दलाल, पूर्व मंत्री गीता भुक्कल समेत कई नेता मौजूद रहे। पत्रकार वार्ता में हरियाणा के चुनावी घोषणा पत्र पर पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा व प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने विस्तार से चर्चा की। प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने हरियाणा निकाय चुनाव का घोषणा पत्र पढ़ा। कांग्रेस की ओर से जारी घोषणा पत्र में कहा गया है कि शहरों को ग्रीन सिटी क्लीन सिटी बनाया जाएगा। ग्रीन बेल्ट व पार्कों का सौंदर्यकरण करके रोशनी का प्रबंध किया जाएगा। शहर के सभी चौक-चौराहों का सौंदर्यकरण करके गड्ढा मुक्त किया जाएगा। भ्रष्टाचार मुक्त नगर निगम बनाया जाएगा। अपराध से मुक्ति दिलवाने के लिए शहर, मंडी, सभी बाजार व चौक-चौराहों पर सीसीटीवी की संख्या जरूरत अनुसार बढ़ाई जाएगी। शहरों को गंदगी मुक्त करके स्वच्छता की सौगात दी जाएगी। कूड़ा रखरखाव के लिए स्थान निर्धारित किए जाएंगे। डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की प्रक्रिया को दुरुस्त किया जाएगा। घोषणा पत्र में आगे कहा गया है कि ठोस कचरा प्रबंधन की उचित व्यवस्था होगी। जलभराव का स्थायी समाधान होगा। जल निकासी के लिए पुराने नालों को साफ व पक्का किया जाएगा। हर कालोनी में पेयजल, सीवरेज व जल निकासी की उचित व्यवस्था होगी। शहर में जगह जगह पानी पीने के लिए वाटर कूलर लगवाए जाएंगे। सार्वजनिक शौचालयों विशेषकर महिला शौचालयों की संख्या बढ़ाई जाएगी। शहरों में मल्टीलेवल पार्किंग तैयार की जाएंगी, ताकि वाहनों को उचित पार्किंग मिले।

---

## गुरुग्रामःबिल्डर ने 12 साल बाद भी लोगों को तैयार करके नहीं दिए घर

### 50 से अधिक घर खरीदारों की मृत्यु भी हो चुकी

### 500 से अधिक वरिष्ठ नागरिक हैं प्रभावित

**गुरुग्राम।** ग्रीनोपॉलिस के सैंकड़ों घर खरीदारों ने रविवार को अपने अधिकारों के लिए सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। लोगों का कहना था कि न्याय पालिका और अधिकारियों के स्तर पर उन्हें कोई राहत नहीं मिली। इसलिए वे विरोध जताने आए हैं। ऑरिस इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड, थ्री सी (3सी) और सम्बंधित अधिकारियों द्वारा वर्षों के अधूरे वादों के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करते हुए घर खरीदारों ने कहा कि हरेरा अदालतों और यहां तक कि मंत्रियों से बार-बार संपर्क करने के बावजूद उन्हें कोई राहत नहीं मिली है, जिससे उन्हें अपनी लड़ाई सड़कों पर ले जाने के लिए मजबूर होना पड़ा है। ईएमआई, कानूनी खर्च और किराए के कारण वित्तीय संकट झेल रहे हैं, जबकि उनका वादा किया गया घर अधूरा है।

ग्रीनोपॉलिस वेलफेयर एसोसिएशन (जीडब्ल्यूए) के अध्यक्ष आरके अरोड़ा ने कहा कि हमारे पास विरोध करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। 23 जनवरी 2019 को अनुकूल आदेश देने के बावजूद हरेरा अपने ही आदेशों को लागू करने में विफल रहा है। जीडब्ल्यूए की उपाध्यक्ष दीपिका मोहिल के अनुसार हमने, हर रास्ता आजमाया है। दर-दर भटकते रहे, हर अधिकारी का दरवाजा खटखटाते रहे। फिर भी न्याय नहीं मिला। उन्होंने कहा कि 50 से अधिक घर खरीदार मर चुके हैं। 500 से अधिक वरिष्ठ नागरिक अभी भी प्रतीक्षा कर रहे हैं। जीडब्ल्यूए की सचिव सुषमा यादव ने कहा कि उन्होंने अपनी मेहनत से कमाई गई बचत इस परियोजना पर खर्च कर दी। बारह साल बीत गए हैं, वे अभी अपने घर के बिना हैं। उन्होंने कहा कि मेरे बूढ़े माता-पिता के बढ़ते चिकित्सा खर्च, बेटी की शिक्षा के खर्च और जीवन-यापन की बढ़ती लागत से वित्तीय बोझ का प्रबंधन करना बहुत चुनौतीपूर्ण हो गया है। घर खरीदारों ने कहा है कि उनके तैयार घरों पर तत्काल कब्जा दिलाया जाए। परियोजना के बाकी हिस्से के लिए अदालत समय सीमा तय करे। वित्तीय हानि और गैर-अनुपालन के लिए ऑरिस इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड और 3सी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

---

# हरियाणवी लोक संस्कृति की झलक प्रस्तुत कर रही है छोटी चौपाल

**नई दिल्ली।**38 वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड शिल्प मेला के अंतिम दिन यानी रविवार को कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। जब माही वे तेरे वेखन नूं चक चरखा गली दे विच डांवा..मीठे-मीठे पंजाबी व हिंदी गीतों से गायिका सुषमा शर्मा ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें सुनकर श्रोताओं के पांव सहज ही थिरकने लगे। कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के कलाकारों ने छोटी चौपाल पर दर्शकों का जी भरकर मनोरंजन किया। वहीं मूल रूप से झज्जर निवासी व दुबई में रहने वाली करूणा राठौर टीना ने सांस्कृतिक मंच से अपने नृत्य के माध्यम से देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम की बेहतरीन प्रस्तुति दी।




पंचकुला से आई गायिका सुषमा शर्मा ने प्रसिद्ध हरियाणवी गीत मेरे सिर पै बंटा टोकणी, मेरे हाथ मै नेजू डोल, मैं पतली सी कामणी सुनाया तो लड़कियां अपनी सीट से उठकर उनके साथ नाचने लगीं। कजरा मोहब्बत वाला, अंखियों में ऐसा डाला, कजरे ने ले ली मेरी जान, हाय रे मैं तेरे कुर्बान.. गीत को भी श्रोताओं ने बहुत पसंद किया। सुरमेदानी वरगा है मेरा माही..पंजाबी गीत की मधुर प्रस्तुति सुनकर श्रोताओं का मन झूम उठा। महाकुंभ पर उनके गाए गीत बारह बरस के बाद हमारा पावन मेला आया है, गंगा किनारे डुबकी लगाकर जय-जय घोष लगाया है..हर-हर गंगे को भी श्रोताओं ने तालियां बजाते हुए सुना। छोटी चौपाल पर रिचा चौहान व उनके ग्रुप का हरियाणवी लोकनृत्य देखने लायक था। लोक गायक वेद प्रकाश व उनके साथियों की सांग प्रस्तुति काफी सराही गई। यहां हरपाल नाथ की पार्टी ने बीन वादन, ढोल व तुंबा बजाकर मस्त धुनों से श्रोताओं का दिल जीत लिया। निर्भय शंकर ने गिटार वादन से दर्शकों का मनोरंजन किया। प्रेम देहाती ने पुरानी तर्जों पर आधारित हरियाणवी रागनी सुनाकर लोक संस्कृति की छाप छोड़ी। सूरजकुंड मेले में छोटी चौपाल का मंच श्रोताओं को दिन भर अपने साथ बांधने में कामयाब रहा।

संक्षिप्त समाचार

### रुश्दी पर हमला करने वाला व्यक्ति हत्या के प्रयास का दोषी पाया गया

**न्यूजर्सी , एजेंसी।** न्यूजर्सी के एक व्यक्ति को 2022 में न्यूयॉर्क में एक कार्यक्रम के दौरान लेखक सलमान रुश्दी पर चाकू से कई बार हमला करने के मामले में शुक्रवार को हत्या के प्रयास का दोषी पाया गया है। चौटाउक्वा काउंटी अदालत में सुनवाई के बाद लगभग दो घंटे तक चली बहस के बाद न्यायाधीशों ने 27 वर्षीय हादी मतार को दोषी पाया। मतार ने 12 अगस्त, 2022 को रुश्दी के संबोधन के दौरान 'चौटाउक्वा इंस्टीट्यूशन' के मंच पर पहुंचकर दर्शकों के सामने रुश्दी पर 10 से ज्यादा बार चाकू से हमला किया था। इस हमले में 77 वर्षीय पुरस्कार विजेता उपन्यासकार की एक आंख की रोशनी चली गई थी। इसके अलावा एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया था। मतार को 25 साल तक की जेल की सजा हो सकती है।

### मुख्य न्यायाधीश ने इमरान खान की पार्टी से न्यायिक सुधारों का समर्थन मांगा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश याह्या अफरीदी ने शुक्रवार को जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) से देश में न्याय के बेहतर प्रशासन के लिए न्यायिक सुधारों का समर्थन करने का आग्रह किया। मुख्य न्यायाधीश ने पीटीआई प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान बताया कि वे न्यायिक सुधारों पर राष्ट्रीय स्तर पर परामर्श कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि न्यायिक सुधारों का समर्थन दोनों प्रमुख दलों को मिलना चाहिए।

### ओवल ऑफिस से हटाई गई 145 साल पुरानी मेज

**ओवल, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नए डेस्क के साथ ओवल ऑफिस की एक तस्वीर साझा की। यह घटनाक्रम तब सामने आया है जब अरबपति एलन मस्क अपने बेटे एक्स को ओवल ऑफिस लेकर आए थे। इस दौरान एक्स अजीबोगरीब आवाजें निकालने से लेकर नाक पोंछने तक, राष्ट्रपति के रेसोल्यूट डेस्क के करीब खड़े होकर सुर्खियां बटोरीं। अब, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रतिष्ठित 145 साल पुराने डेस्क को सीएंडओ डेस्क से बदल दिया है। उन्होंने इसे अस्थायी बदलाव कहा है। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर नए डेस्क के साथ ओवल ऑफिस की एक तस्वीर साझा की। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं था कि डेस्क को एक्स के नाक साफ करने की घटना के कारण बदला गया है या नहीं। वही पोस्ट से जुड़े नोट में लिखा था, %चुनाव के बाद राष्ट्रपति को 7 में से 1 डेस्क चुनने का मौका मिलता है। यह डेस्क, सी एंड ओ, जो बहुत प्रसिद्ध है और जिसका इस्तेमाल राष्ट्रपति जॉर्ज एच.डब्ल्यू. बुश और अन्य लोगों ने किया था, को व्हाइट हाउस में अस्थायी रूप से स्थापित किया गया है।

### पाकिस्तान ने कटासराज मंदिर दर्शन के लिए 154 भारतीय तीर्थयात्रियों को दिए वीजा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान उच्चायोग ने शुक्रवार को कहा कि उसने देश के पंजाब प्रांत में स्थित श्री कटासराज मंदिर के दर्शन के लिए 154 भारतीय तीर्थयात्रियों को वीजा जारी किए। नई दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग ने कहा कि उसने तीर्थयात्रियों के एक समूह को चकवाल जिले में स्थित पवित्र श्री कटास राज मंदिर की यात्रा के लिए ये वीजा जारी किए। यात्रा 24 फरवरी से 2 मार्च तक चलेगा। 1974 के पाकिस्तान-भारत प्रोटोकॉल के तहत, प्रत्येक वर्ष हजारों भारतीय तीर्थयात्री विभिन्न धार्मिक उत्सवों में भाग लेने के लिए पाकिस्तान जाते हैं।

### पोप फ्रांसिस की हालत गंभीर, लेकिन जान का खतरा नहीं

**रोम , एजेंसी।** पोप फ्रांसिस की तबियत को लेकर डॉक्टरों के बयान सामने आया है। उनका कहना है कि हालत अभी भी गंभीर है, लेकिन उनकी जान को खतरा नहीं है। 88 वर्षीय पोप को क्रोनिक ब्रोंकाइटिस और निमोनिया के कारण अस्पताल में भर्ती किया गया था। वे अब तक एक सप्ताह से अधिक समय से अस्पताल में हैं और उनकी स्थिति पर नजर रखी जा रही है। डॉक्टरों के अनुसार, पोप को कभी-कभी ऑक्सीजन की खुराक दी जा रही है और उन्हें निमोनिया के लिए मजबूत दवाइयाँ दी जा रही हैं। उनकी स्थिति को लेकर डॉक्टरों ने कहा कि वे अगले पूरे सप्ताह तक अस्पताल में ही रहेंगे। पोप फ्रांसिस की स्थिति पर चर्चा करते हुए कुछ कार्डिनल्स ने यह सवाल उठाया कि अगर उनका स्वास्थ्य और बिगड़ता है तो क्या वह इस्तीफा देंगे। हालांकि, पोप फ्रांसिस ने हाल ही में कहा था कि वह इस बारे में विचार करेंगे, लेकिन उन्होंने अब तक इस्तीफे के कोई संकेत नहीं दिए हैं।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में एकजुट हुए सर्बिया के लोग

**बेलग्रेड , एजेंसी।** बाल्कन देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ बदलाव के लिए हजारों लोग सर्बिया की राजधानी में सड़कों पर उतरे। उन्होंने पांच टुकड़ियों में संगठित होकर मार्च निकाला। इस दौरान नाकेबंदी के चलते छात्रों को हमलों का सामना भी करना पड़ा। राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वूसिक के अधिकारियों ने उन पर मार्च खत्म करने का दबाव बनाया। गत वर्ष नवंबर में एक कंक्रीट छतरी के ढहने से 15 लोगों की मौत के बात हड़ताली छात्र लगातार हड़ताल कर रहे हैं।

# ओडिशा विश्वविद्यालय के 159 छात्र नेपाल लौटे, अमानवीय व्यवहार का दावा किया

**काठमांडू , एजेंसी।** ओडिशा के एक विश्वविद्यालय में नेपाल की एक छात्रा के कथित तौर पर आत्महत्या करने और कॉलेज प्रशासन की ओर से नेपाली छात्रों को छात्रावास खाली करने का आदेश दिए जाने के कुछ दिन बाद 159 छात्र रक्सौल सीमा के रास्ते नेपाल वापस आ गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। परसा के सहायक मुख्य जिला अधिकारी सुमन कुमार कार्की ने बताया कि रक्सौल सीमा से बृहस्पतिवार शाम तक 159 नेपाली छात्र वापस लौटे।



ओडिशा के कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी (केआईआईटी) में बीटेक (कम्प्यूटर साइंस) की तृतीय वर्ष की छात्रा प्रकृति लम्साल (20) ने 16 फरवरी को अपने छात्रावास के कमरे में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। इस घटना के बाद छात्रों ने प्रदर्शन किया था। ओडिशा के केआईआईटी में नेपाल के लगभग 1,000 छात्र पढ़ते हैं। काठमांडू में 'रिपोर्टर्स क्लब' में मीडिया से बात करते हुए नेपाल लौटे छात्रों के एक समूह ने कहा कि कॉलेज के छात्रावास में नेपाली छात्रा की मौत के बाद उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया।

छात्रों ने कहा, प्रकृति लम्साल की रहस्यमयी मौत के बाद, हमारे साथ दुर्व्यवहार व अमानवीय व्यवहार किया गया। उन्होंने कहा, विश्वविद्यालय के शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों की मौजूदगी में सुरक्षा कर्मियों ने हमारी पिटाई की और हमें तुरंत छात्रावास खाली करने को कहा। छात्रों ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा दिए गए आश्वासन के बावजूद वे कॉलेज लौटने में सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कॉलेज द्वारा दिए गए आश्वासन के बावजूद पढ़ाई के लिए कोई सुरक्षित और अनुकूल माहौल नहीं था। उन्होंने कहा कि प्रकृति लम्साल की मौत की उचित जांच होनी चाहिए और पीड़ित छात्रों को न्याय मिलना चाहिए। नेपाल की विदेश मंत्री आरजू राणा देउबा ने बृहस्पतिवार को बताया था कि सरकार ने नेपाली छात्रा की मौत से उत्पन्न मुद्दे को राजनयिकों के माध्यमों से सुलझा लिया है। देउबा ने ओमान से आने के बाद त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, ''नेपाल सरकार ने ओडिशा स्थित केआईआईटी में नेपाली छात्रा की मौत से जुड़ी मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए इसे राजनयिक माध्यमों से हल कर लिया है।

## जर्मनी में प्रवासी के तौर पर आए अनेक लोग रविवार को पहली बार देंगे वोट

**बर्लिन, एजेंसी।** जर्मनी में पांच लाख से अधिक नए नागरिकों को इस सप्ताह के अंत में राष्ट्रीय चुनाव में पहली बार मतदान करने का अवसर मिलेगा। इन नए नागरिकों में से लगभग एक तिहाई मूल रूप से सीरिया से हैं। इनमें से ज्यादातर ने पिछले दशक में युद्ध, राजनीतिक अस्थिरता और आर्थिक कठिनाई से बचने के लिए अपना घर छोड़ दिया था। अकेले 2015-2016 में 10 लाख से अधिक प्रवासी जर्मनी आए जिनमें से अधिकतर सीरिया से आए। इनमें अफगानिस्तान और इराक से पहुंचे प्रवासियों की संख्या भी काफी अधिक है। देश के संघीय सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार, वर्ष 2021 में हुए पिछले राष्ट्रीय चुनाव के बाद से जर्मनी में नागरिकता प्राप्त करने वालों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। 2021 और 2023 के बीच पांच लाख से अधिक लोगों को नागरिकता दी गई। यद्यपि 2024 के आंकड़े अभी उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन विशेषज्ञों का अनुमान है कि पिछले वर्ष जर्मनी में ढाई लाख से अधिक लोगों को नागरिकता दी गई। रविवार को जर्मनी में पहली बार मतदान करने वाले अनेक नए नागरिकों ने अपने मताधिकार के बारे में उत्साह, बदलाव की आशा तथा सशक्तीकरण की भावना व्यक्त की है। कुछ लोग अति-दक्षिणपंथी, आप्रवासी-विरोधी, अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी (एएफडी) पार्टी के उदय से चिंतित हैं।

## अमेरिका के लुइसविले में तीन लोगों की गोली मारकर हत्या

**लुइसविले, एजेंसी।** अमेरिका के लुइसविले में शुक्रवार को एक मोटर वाहन कार्यालय में तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस बारे में जानकारी दी है। लुइसविले मेट्रो पुलिस विभाग के मेजर डोनाल्ड बोकेमैन ने इस हत्याकांड के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी के बाद मौके पर पहुंचे अधिकारियों को वहां एक व्यक्ति को मृत अवस्था में और दो अन्य घायल अवस्था में मिले। जिसके बाद दोनों घायलों को अस्पतालों में ले जाया गया, जहां उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने कहा कि जनता को कोई खतरा नहीं है।

## हवाई बीच रिसॉर्ट में गैस विस्फोट से सात लोग घायल

**होनोलूलू ओअहू, एजेंसी।** हवाई के एक बीच रिसॉर्ट में गुरुवार रात को एक संदिग्ध गैस विस्फोट हुआ, जिसमें सात लोग घायल हो गए, जिनमें से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह घटना काआनापाली बीच के द व्हेलर रिसॉर्ट के ग्रिल क्षेत्र में हुई, जो एक लोकप्रिय पर्यटक स्थल है। रिसॉर्ट, जो होटल, टाइमशेयर और रेंटल प्रॉपर्टीज से घिरा हुआ है, लाहिना शहर के उत्तर में कुछ मील दूर स्थित है, जो 2023 के घातक जंगल की आग में लगभग पूरी तरह जल गया था। माउी पुलिस विभाग के अनुसार, विस्फोट के बाद आसपास के क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की निकासी की आवश्यकता नहीं पड़ी। प्रारंभिक जांच में यह संभावना जताई गई कि विस्फोट में रिसॉर्ट के सामान्य क्षेत्र में बैकयार्ड ग्रिल्स के लिए उपयोग होने वाली लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस शामिल थी। पुलिस ने बताया कि घायल व्यक्तियों की उम्र 18 से 74 साल के बीच थी। सोशल मीडिया पर साझा किए गए इलाके के वीडियो में एक विस्फोट होता हुआ दिख रहा है, जो स्विमिंग पूल के पास हुआ और मलबा समुद्र तट के पास फैल गया था।

# ट्रम्प ने सबसे बड़े मिलिट्री अफसर को हटाया

## अश्वेत जनरल ने 2020 में ब्लैक लाइव्स मैटर को सपोर्ट किया था, 5 और रक्षा अधिकारी बर्खास्त

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार रात देश के सबसे बड़े मिलिट्री अफसर को अचानक हटा दिया। इस अफसर का नाम चार्ल्स सी क्यू ब्राउन जूनियर है, जो सेना के जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ (जेसीएस) के चेयरमैन थे। जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ अमेरिका के रक्षा विभाग के सबसे सीनियर मिलिट्री लीडर्स का ग्रुप है। यह ग्रुप राष्ट्रपति, रक्षा मंत्री, होमलैंड सिक्योरिटी काउंसिल और नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल को सैन्य मामलों पर सलाह देता है।

सी क्यू ने 2020 में ब्लैक लाइव्स मैटर आंदोलन का सार्वजनिक तौर पर समर्थन किया था। यह आंदोलन अश्वेत शख्स जॉर्ज फ्लॉयड की हत्या के बाद शुरू हुआ था। तब सी क्यू एयरफोर्स के चीफ ऑफ स्टाफ थे। उस वक्त ट्रम्प राष्ट्रपति के पद पर थे। ट्रम्प के 2020 चुनाव में हुई हार के पीछे इस आंदोलन की बड़ी भूमिका मानी जाती है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक चार्ल्स सी क्यू ब्राउन जूनियर के अलावा रक्षा विभाग के 5 और अफसरों को निकाला गया है।

**सी क्यू के अलावा 5 अफसर और बर्खास्त :** सी क्यू के अलावा 5 और पेंटागन अफसर बर्खास्त हुए हैं। इनमें पहली बार नौसेना की जिम्मेदारी संभालने वाली महिला अफसर एडमिरल लिसा



फ्रैंचेटी, एयर फोर्स के डिप्टी चीफ जेम्स स्लाइफ के अलावा आर्मी, एयरफोर्स और नेवी के 3 टॉप वकील शामिल हैं। फिलहाल इनके नामों का खुलासा नहीं हुआ है।

अमेरिका में सरकार बदलने पर जेसीएस चेयरमैन नहीं बदला जाता अमेरिका में सरकार बदलने के बाद जेसीएस के चेयरमैन को बदलने का चलन नहीं है। वह चार का कार्यकाल पूरा करता है और दोनों प्रशासन के बीच पुल का काम करता है। लेकिन सी क्यू सिर्फ 16 महीने ही पद पर रह पाए। उन्हें 1 अक्टूबर 2023 को यह पद सौंपा गया था। सी क्यू अमेरिकी सैन्य इतिहास में दूसरे ब्लैक अफसर थे जो इस पद तक पहुंचे थे। वे 4 स्टार लड़ाकू फाइटर हैं।

**ट्रम्प ने अपने खास अफसर दी जिम्मेदारी :** सी क्यू की जगह रिटायर्ड 3 स्टार वायु सेना जनरल डैन केन को जेसीएस चेयरमैन पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ट्रम्प और डैन केन की मुलाकात 2018 में इराक में हुई थी। तब केन ने कहा था कि वे ट्रम्प के लिए जान भी दे सकते हैं। ट्रम्प इससे काफी खुश हुए थे। ट्रम्प ने बाद में आरोप लगाया कि उनकी वजह से बाइडेन ने डैन केन का प्रमोशन नहीं किया। वे 4 स्टार अफसर बनने के काबिल थे।

**रक्षा मंत्री ने हटाने का दिया था संकेत :** अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने पद संभालने से पहले नवंबर में सी क्यू ब्राउन को हटाने का संकेत दिया था। उन्होंने कहा था कि अमेरिकी सेना में विविधता और समानता को खत्म करना होगा और सबसे पहले जॉइंट चीफ स्टाफ चेयरमैन को बर्खास्त करना होगा। अब सी क्यू की बर्खास्तगी के बाद इसे उस बयान से जोड़कर देखा जा रहा है।

# बेंजामिन नेतन्याहू भड़के तो हमास ने मान ली गलती, इजरायल को सौंपा शिरी बिबास का असली शव

**येरुशलम, एजेंसी।** इजरायल और हमास में युद्धविराम के समझौते के तहत हमास ने गुरुवार को चार शव इजरायल को सौंपे थे। इसके बाद इजरायल ने दावा किया था कि हमास ने शिरी बिबास की जगह किसी गाजन महिला का शव भेज दिया है। बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास को परिणाम भुगतने की धमकी दी थी। इसके बाद हमास नए अपनी गलती मानते हुए शिरी बिबास का असली शव अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस समिति (आईसीआरसी) के हवाले किया है। अब इसे इजरायली सेना को सौंपा जाएगा। हमास के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी है। इससे पहले इजरायली अधिकारियों ने पाया कि गुरुवार को हमास द्वारा लौटाया गया शव शिरी बिबास का नहीं था। अधिकारी ने बताया कि इजरायली हवाई हमलों के कारण हुई अराजकता के कारण शवों की पहचान गलत हो गई। उन्होंने कहा, यह अनजाने में हुई गलती थी क्योंकि शिरी का शव उस क्षेत्र पर इजरायली हमलों के कारण अन्य शवों के साथ मिल गया था, जहां वह था। हमास की सशस्त्र शाखा अल-क़स्साम ने गुरुवार को चार इज़रायली



बंधकों के अवशेषों को संभवतः शिरी बिबास, उनके दो बेटे एरियल और केफिर, साथ ही सेवानिवृत्त पत्रकार ओडेड लिफ्शिट्ज़ को आईसीआरसी के माध्यम से वापस इज़रायल भेज दिया। चारों बंधकों का सात अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इज़रायल पर हमास के हमले के दौरान गाजा में अपहरण कर लिया गया था।

हालांकि बाद में गुरुवार को चार शवों पर फोरेंसिक विश्लेषण करने के बाद इज़रायली अधिकारियों ने घोषणा की कि शुरू में माना जा रहा शव शिरी बिबास का था जो उसके डीएनए से मेल नहीं खाता। इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को धमकी दी कि इज़रायल शिरी के शव को सौंपने में विफलता के लिए हमास से बदला लेगा। उन्होंने कहा, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हमास समझौते के इस क्रूर और बुरे उल्लंघन की पूरी कीमत चुकाए।

## एपी ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हवाला देते हुए ट्रंप प्रशासन के तीन अधिकारियों पर किया मुकदमा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** समाचार एजेंसी 'एसोसिएटेड प्रेस' (एपी) ने राष्ट्रपति के कार्यक्रमों तक उसकी पहुंच बाधित करने के मामले में डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन के तीन अधिकारियों पर शुक्रवार को मुकदमा दायर किया। दरअसल, अमेरिका ने हाल में 'मेक्सिको की खाड़ी' का नाम बदलकर 'अमेरिका की खाड़ी' रखने का आदेश जारी किया था लेकिन



'एपी' ने कहा था कि वह 'मेक्सिको की खाड़ी' नाम का ही इस्तेमाल करना जारी रखेगा।

उसका कहना है कि दुनिया भर में समाचार प्रसारित करने वाली एक वैश्विक समाचार एजेंसी के रूप में उसे यह सुनिश्चित करना चाहिए कि स्थानों के उन नाम का इस्तेमाल किया जाए जिन्हें लोग आसानी से पहचान सकें। इसके बाद, अमेरिका ने 'एपी' के पत्रकारों को कई सरकारी कार्यक्रमों को कवर करने से रोक दिया था। 'एपी' के पत्रकारों की सरकारी कार्यक्रमों तक पहुंच को बाधित करने के अमेरिकी प्रशासन के फैसले के खिलाफ मुकदमा शुक्रवार दोपहर वाशिंगटन में अमेरिकी जिला न्यायालय में दायर किया गया। यह मामला ट्रंप द्वारा नामित अमेरिकी जिला न्यायाधीश ट्रेवर मैकफैडेन को सौंपा गया है। 'एपी' ने कहा कि 'व्हाइट हाउस' (अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) द्वारा भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बाधित करने के असंवैधानिक प्रयास के खिलाफ यह मुकदमा दर्ज किया गया है।

'एपी' ने अपने मुकदमे में कहा, ''प्रेस एवं अमेरिका के सभी लोगों को अपने शब्द चुनने का अधिकार है और सरकार को उनसे प्रतिशोध नहीं लेना चाहिए।'' इस मुकदमे में 'व्हाइट हाउस' की 'चीफ ऑफ स्टाफ' सुजैन विल्स, 'डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ' टेलर बुडोविच और प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट का नाम शामिल है।

# मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस पर चीफ गेस्ट होंगे पीएम मोदी, घोषणा होते ही तालियों से गूंज उठी वहां की संसद

**पोर्ट लुइस, एजेंसी।** मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचन्द्र रामगुलाम ने शुक्रवार को इस बात की घोषणा की है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मॉरीशस के 57वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में चीफ गेस्ट के तौर पर शामिल होंगे। पीएम मोदी 11-12 मार्च को पोर्ट लुईस का दौरा करने वाले हैं। उन्होंने संसद में इसका ऐलान किया। पूरे सदन ने तालियों की गड़गड़ाहट से इस फैसले का स्वागत किया।

नवीनचन्द्र रामगुलाम ने संसद में इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि मोदी के लिए ऐसे कार्यक्रम में भाग लेना विशेष सम्मान की बात है, खासकर जब उनका शेड्यूल काफी व्यस्त है। हाल ही में वह पेरिस और अमेरिका में अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में शामिल हुए थे।

रामगुलाम ने कहा, मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि मेरे निमंत्रण पर रत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमारे राष्ट्रीय दिवस समारोह के लिए अतिथि विशेष बनने के लिए सहमति दी है। यह हमारे देश के लिए एक सम्मान की बात है कि हम इस प्रतिष्ठित व्यक्तित्व की मेजबानी कर रहे हैं। वह अपनी अत्यधिक व्यस्तता और पेरिस और अमेरिका के हालिया दौरे के बावजूद इस सम्मान को हमें दे रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, पीएम मोदी का यह दौरा भारत और मॉरीशस के बीच मजबूत और स्थिर संबंधों का प्रतीक है।



मॉरीशस अपने राष्ट्रीय दिवस को हर साल 12 मार्च को मनाता है। इस दिन उसे 1968 में ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता मिली थी। इस दिन को 1992 में राष्ट्रमंडल में गणराज्य के रूप में रूपांतरित होने के रूप में भी मनाया जाता है। इससे पहले, नवम्बर 2024 में पीएम मोदी ने रामगुलाम को मॉरीशस में ऐतिहासिक चुनावी जीत पर बधाई दी थी। अपने संदेश में पीएम मोदी ने कहा था कि वह रामगुलाम के साथ मिलकर हमारे अद्वितीय साझेदारी को और मजबूत करने का इंतजार कर रहे हैं। भारत और मॉरीशस के बीच करीबी और लंबे समय से चले आ रहे रिश्ते हैं। इन रिश्तों की मुख्य वजह यह है कि भारतीय मूल के लोग मॉरीशस की 12 लाख की जनसंख्या का लगभग 70 प्रतिशत हैं।



## भारत के एडिसन जीडी नायडू का रोल निभाने जा रहे हैं आर. माधवन

आर. माधवन जहां इस वक्त अपनी सीरीज हिसाब बराबर को लेकर सुर्खियों में हैं, वहीं उन्होंने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है और पोस्टर भी शेयर किया है। आर. माधवन अब बायोपिक जीडीएन में नजर आएंगे, जोकि भारत के एडिसन कहे जाने वाले जीडी नायडू की जिंदगी पर आधारित होगी। इस फिल्म में आर. माधवन लीड रोल प्ले करेंगे। आर. माधवन ने फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है। वैसे बता दें कि आर. माधवन इससे पहले फिल्म रॉकेट्री- द नंबी इफेक्ट में वैज्ञानिक का रोल प्ले कर चुके हैं। उन्होंने इसके लिए नेशनल अवॉर्ड भी जीता था। फिल्म में आर. माधवन ने भारतीय वैज्ञानिक नंबी नारायण का किरदार निभाया था, और खूब वाहवाही बटोरी थी।

### आर. माधवन ने शुरू की शूटिंग शेयर किया जीडीएन का पोस्टर

आर. माधवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर जीडएन का पोस्टर शेयर किया, और लिखा, आप सभी की शुभकामनाएं और आशीर्वाद चाहिए। फिल्म के पोस्टर में बताया गया है कि इसके इंडिया वाले शेड्यूल की शुरुआत हो चुकी है। फैंस इस फिल्म के लिए एक्साइटेड हो गए हैं और एक्टर को शुभकामनाएं दे रहे हैं। शिल्पा शिरोडकर ने भी आर. माधवन को शुभकामनाएं दी हैं।

### जीडीएन में कौन-कौन से सितारे?

इसे कृष्णकुमार रामकुमार डायरेक्टर करेंगे, जो साउथ के डायरेक्टर हैं। जीडीएन में आर. माधवन के अलावा प्रियामणि, योगी बाबू और जयराम नजर आएंगे।

फिल्म जीडीएन गोपालस्वामी दोराइस्वामी नायडू की जिंदगी पर आधारित है। उन्होंने साल 1937 में भारत की पहली इलेक्ट्रिक मोटर का आविष्कार किया था। वह देश के एक नामी वैज्ञानिक थे। इसके अलावा जीडी नायडू ने जूसर, केरोसीन से चलने वाला पंखा, इलेक्ट्रिक रेजर और जूसर का भी आविष्कार किया था। जीडी नायडू को भारत के एडिसन के अलावा मिरैकल मैन भी कहा जाता था। उन्होंने मैकेनिक्स से लेकर इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और एग्रीकल्चर के क्षेत्र में अहम योगदान दिया।



# मैं यशराज और आदी सर की शुक्रगुजार हूं

भूमि पेडनेकर इंडस्ट्री की उन अभिनेत्रियों में से हैं जिन्होंने अपने करियर में हर रंग की भूमिकाएं की हैं। अपने किरदारों के जरिए महिला मुद्दों को मुखर करने वाली भूमि कई फिल्मों में पत्नी की अलग-अलग भूमिकाओं में नजर आ चुकी हैं। इन दिनों वे खबरों में हैं अपनी नई फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी से। इस मुलाकात में पत्नी का रोल निभाने वाली भूमि शादी, विमेन इश्यूज, अपने जीवन के मुश्किल दौर, फिल्म और अपने हीरो अर्जुन कपूर को लेकर खुल कर बातें करती हैं।

**आज के दौर में ये भी देखने मिल रहा है कि लोग शादी नहीं करना चाहते, आप मैरिज इंस्टीट्यूशन के बारे में क्या सोचती हैं?**

मुझे लगता है कि आज शादी करने के रीजन अलग हो गए हैं। मैं एक लड़की के नजरिए से बता सकती हूं। ऐसा कहा जाता था कि शादी जल्दी करो क्योंकि आपका भविष्य ही शादी है। अब हुआ ये है कि कई लड़कियां आत्मनिर्भर हैं, तो अब ऐसा है कि मैं तो पहले से सेटल हूं, तो अब मुझे जो चाहिए, वो कंपैनियनशिप है। जहां तक मेरी बात है, तो मैं शादी में गहरा विश्वास करती हूं मगर मेरा मानना है कि मैं शादी कंपैनियनशिप के नजरिए से करना चाहूंगी।

**क्या आप मानती हैं कि लड़कों की तुलना में लड़कियों पर शादी का प्रेशर ज्यादा होता है?**

बिलकुल। अगर आप रेशियो देखने जाएं, तो ये प्रेशर अब भी बहुत ज्यादा होता है। मेरी अपनी सहेलियां हैं, जिन्होंने अर्ली ट्वेंटीज में बहुत यंग एज में शादी कर ली। कइयों की शादियां चली भी नहीं। उन्होंने अपनी शादी में बहुत मुश्किल समय देखा। मगर कई ऐसी भी हैं, जो अपनी मैरिज में बहुत खुश हैं। कइयों ने लेट शादी भी की है और वो भी खुश हैं, तो मुझे लगता है कि इसका सही या गलत जवाब नहीं हो सकता। हर इंडिविजुअल लड़की के लिए शादी अलग हो सकती है क्योंकि हर लड़की की जिंदगी अलग है, उसके सपने अलग हैं। मेरा सिर्फ ये कहना है कि शादी किसी भी लड़की के लिए गले का फंदा नहीं होना चाहिए। शादी में लड़कियों को फ्रीडम मिलनी चाहिए। शादी एक ऐसी संस्था होनी चाहिए जो आपको एम्पावर करे, आपको सक्षम बनाए न कि आपको पीछे खींचे। मगर कहीं न कहीं मुझे लगता है कि आजकल की मॉडर्न लड़कियों में शादी को लेकर एक घबराहट आ गई है।

**आपके लिए अब तक का सबसे मुश्किल दौर कौन-सा था?**

मुझे लगता है मेरे लिए उससे ज्यादा मुश्किल दौर कोई नहीं हो सकता, जब मैंने अपने पिता को खोया था। ऐसा कठिन वक्त मैं अपनी जिंदगी में दोबारा नहीं देखना चाहूंगी। मेरे पिता कैंसर से चल बसे थे और वो वक्त हमारे परिवार के लिए बहुत ही चुनौतीपूर्ण था, क्योंकि हम भावनात्मक रूप से टूटे हुए थे, आर्थिक रूप से टूट चुके थे। हम वाकई पूरी तरह से टूट चुके थे और ऐसा होता है, जब परिवार के एक सदस्य को किसी ऐसे असाध्य रोग से गुजरना पड़े। हम तब काफी यंग थे। मगर फिर एक खूबसूरत चीज ये हुई कि मुझे यशराज में नौकरी (असिस्टेंट कास्टिंग डायरेक्टर) मिल गई और उस एक नौकरी ने मेरी जिंदगी बदल दी। उसके लिए मैं यशराज और आदी सर (फिल्मकार आदित्य चोपड़ा) की जितनी भी शुक्रगुजार होऊं, कम है। आज जब पलट कर देखती हूं, तो लगता है कि अगर तब वो नौकरी मेरे पास नहीं होती, तो मैं आज यहां नहीं होती।

**आपकी फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी एक थिएट्रिकल रिलीज है, तो इस बात को लेकर किसी तरह की घबराहट है?**

देखिए, छावा चल रही है। स्काई फोर्स भी चली है और सनम तेरी कसम अपनी री रिलीज में अच्छा-खासा बिजनेस कर रही है। मुझे लगता है, साल का दूसरा महीना चल रहा है और फिल्में चल रही हैं, तो इन फिल्मों से एक ऐसा माहौल बन गया है कि लोग थिएटर आकर फिल्में देख रहे हैं। मैं तो बस यही दुआ करूंगी कि लोग हमारी फिल्म देखने भी आएं। फिल्म के बारे में यही कहूंगी कि यह एक मजेदार एंटरटेनिंग फिल्म है और इसमें दर्शकों को मजा जरूर आएगा।



## सोनाली बेंद्रे और अली फजल पहली बार आए साथ जल्द होगा शूट शुरू

सोनाली बेंद्रे को पिछली बार वेब सीरीज द ब्रोकन न्यूज में देखा गया था। अब उनके खाते से एक वेब सीरीज जुड़ गई है और खास बात यह है कि इसमें उनके साथ अली फजल भी लीड रोल में नजर आएंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक... प्राइम वीडियो एक नई सीरीज लेकर आ रहा है। यह एक ओरिजनल एक्शन थ्रिलर शो होने वाला है, जिसके लिए मिर्जापुर स्टार अली से संपर्क किया गया है। इसमें अली का एक अलग ही अवतार दर्शकों के बीच आएगा। उनका किरदार उनकी पिछली भूमिकाओं से बिल्कुल अलग होने वाला है। इस सीरीज का नाम फिलहाल सामने नहीं आया है, लेकिन इतना तय है कि इसमें खूब एक्शन और ड्रामा देखने को मिलेगा। सोनाली बेंद्रे भी इस सीरीज का हिस्सा होंगी। वह इसमें एक अहम भूमिका निभाने वाली हैं। यह पहला मौका होगा, जब अली और सोनाली परदे पर साथ दिखेंगे। चर्चा है कि सोनाली के साथ काम करने के लिए अली बेहद उत्साहित हैं। सीरीज की शूटिंग शुरू होने वाली है। प्रोसित रॉय ने इसके निर्देशन की जिम्मेदारी संभाली है, जिन्होंने पाताल लोक का निर्देशन किया था और जिन्होंने अनुष्का शर्मा की फिल्म चकदा एक्सप्रेस का भी निर्देशन किया है। ट्रायल बाय फायर, बॉम्बे बेगम्स और आर्या जैसी वेब सीरीज बना चुका एंडेमोल शाइन इंडिया अली और सोनाली अभिनीत इस सीरीज का निर्माण कर रहा है। यह पहला मौका होगा, जब अली और सोनाली किसी प्रोजेक्ट में साथ दिखेंगे।



## 10 अप्रैल को आएगी राजकुमार स्टारर फिल्म भूल चूक माफ



राजकुमार राव को पिछली बार फिल्म विक्की वो वाला वीडियो में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की तारीफ तो हुई, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह औंधे मुंह गिरी। आने वाले समय में राजकुमार एक से बढ़कर एक फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। भूल चुक माफ भी इन्हीं में से एक है। इसमें उनकी जोड़ी पहली बार वामिका गब्बी के साथ बनी है। अब मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है। भूल चुक माफ को 10 अप्रैलको सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का सामना सनी देओल की फिल्म जाट से होगा। बता दें कि भूल चुक माफ के अलावा राजकुमार के पास फिल्म टोस्टर भी है, जिसके निर्देशन की कमान विवेक दास चौधरी ने संभाली है। इसमें उनकी जोड़ी सान्या मल्होत्रा के साथ बनी है। खास बात यह है कि टोस्टर का निर्माण राजकुमार की पत्नी और पत्रलेखा कर रही हैं।

## सबा आजाद ने दी पत्रकारिता पर अपनी राय



अभिनेत्री सबा आजाद ओटीटी सीरीज क्राइम बीट में नजर आने वाली हैं। इस सीरीज में सबा एक इनवेस्टिगेटिव जर्नलिस्ट का किरदार निभाने जा रही हैं। ओटीटी प्ले को दिए इंटरव्यू में सबा ने बताया कि क्राइम बीट ने उन्हें पत्रकारिता को लेकर कुछ नया समझने का मौका दिया है। सबा ने कहा कि पत्रकारिता एक बहुत अच्छी फील्ड है, हालांकि यहां काम करने के लिए बहुत जिम्मेदारी से काम करना पड़ता है। इस सीरीज का निर्देशन सुधीर मिश्रा और संजीव कौल ने किया है। पत्रकारिता पर आधारित सीरीज में दिखाया गया है कि कैसे एक गैंगस्टर के प्रभाव के कारण एक पत्रकार के जीवन में बदलाव लाता है। सीरीज में साकिब अली, सबा आजाद के साथ साई ताम्हणकर, आदिनाथ कोठारे और राहुल भट ने भी काम किया है।



## सूरज पंचोली ने ली केसरी वीर के लिए की कड़ी ट्रेनिंग

सूरज पंचोली अपनी पहली बायोपिक में वीर हामीरजी गोहिल के ऐतिहासिक किरदार को जीवंत करने जा रहे हैं। सुनील शेट्टी, विवेक ओबेरॉय और सूरज पंचोली अभिनीत फिल्म केसरी वीर- लीजेंड्स ऑफ सोमनाथ का टीज़र रिलीज़ हुआ। इस फिल्म से नवोदित अभिनेत्री आकांक्षा शर्मा भी डेब्यू कर रही हैं। सोमनाथ मंदिर की रक्षा के लिए बहादुरी से लड़ने वाले 14वीं शताब्दी के योद्धा के किरदार में ढलने के लिए सूरज ने जबरदस्त शारीरिक बदलाव किया। उन्होंने विशेषज्ञों की देखरेख में तीरंदाजी, तलवारबाजी और सहनशक्ति अभ्यास की गहन ट्रेनिंग ली। अपनी तैयारी के बारे में बात करते हुए सूरज ने कहा, इस किरदार ने मुझे मेरी सीमाओं से परे धकेल दिया। मुझे ताकत, फुर्ती और सहनशक्ति विकसित करनी पड़ी, ठीक वैसे ही जैसे उस युग के योद्धाओं के पास होती थी। तलवारबाजी सबसे चुनौतीपूर्ण रही, क्योंकि मुझे अलग-अलग युद्ध तकनीकों को सीखते हुए हामीरजी गोहिल की लड़ाई शैली की प्रामाणिकता बनाए रखनी थी। यह पूरी यात्रा बेहद संतोषजनक रही।

उन्होंने बताया कि एक सशक्त योद्धा में ढलने के लिए उन्होंने महीनों तक तीरंदाजी, तलवारबाजी और सहनशक्ति अभ्यास किया। उन्होंने युद्ध विशेषज्ञों के साथ घुड़सवारी और हाथ से हाथ की लड़ाई जैसी प्राचीन युद्ध तकनीकों को भी बारीकी से सीखा। इस किरदार के लिए सूरज ने कठोर फिटनेस रूटीन अपनाया, जिसमें ताकत और फुर्ती पर विशेष ध्यान दिया गया ताकि वे एक्शन दृश्यों को वास्तविकता के साथ अंजाम दे सकें। तीरंदाजी में सटीकता, नियंत्रण और श्वास तकनीक महत्वपूर्ण होती है। मैंने सही स्टांस और लक्ष्यभेदन में महारत हासिल करने के लिए हफ्तों तक प्रशिक्षण लिया। लक्ष्य की दूरी बढ़ाते हुए अभ्यास किया ताकि यह मेरे लिए स्वाभाविक हो जाए, जैसे एक योद्धा के लिए होता। तलवारबाजी में हमने पहले लकड़ी की तलवारों से मूलभूत अभ्यास किया, फिर असली हथियारों पर स्विच किया। मैंने हमले, रक्षात्मक ब्लॉक और कोरियोग्राफ किए गए द्वंद्व युद्ध सीखे। इसके अलावा, ताकत बढ़ाने के लिए वेट ट्रेनिंग और प्रतिरोधक व्यायाम किए ताकि लंबे समय तक युद्ध दृश्यों को बिना थके अंजाम दे सकूं।

सूरज के लिए यह फिल्म उनके करियर का एक बड़ा अवसर है। वीर हामीरजी गोहिल का किरदार निभाना मेरे लिए बहुत बड़ी ज़िम्मेदारी है और मैं उनकी विरासत के साथ न्याय करना चाहता हूं। मैंने इससे पहले किसी भी किरदार से इतनी गहराई से जुड़ाव महसूस नहीं किया। हामीरजी गोहिल की वीरता और बलिदान मुझे प्रेरित करते हैं, और मुझे उम्मीद है कि मैं स्क्रीन पर उनकी कहानी को सही ढंग से प्रस्तुत कर पाऊंगा।

## फिल्म चुगलखोर बहुरिया की शूटिंग कर रही हैं रानी चटर्जी



भोजपुरी अभिनेत्री रानी चटर्जी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी आगामी फिल्म को लेकर जानकारी दी है। इतना ही नहीं उन्होंने फिल्म और पर्दे के पीछे की तस्वीर भी शेयर की है। रानी चटर्जी ने बताया कि वे अपनी फिल्म चुगलखोर बहुरिया की शूटिंग कर रही हैं। फिल्म की शूटिंग किसी खेत में होती नजर आ रही है। रानी ने इस बीटीएस वीडियो में हरे रंग की साड़ी पहन रखी है। उनका देसी लुक फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। इससे पहले भी उन्होंने इसी फिल्म की कुछ बीटीएस वीडियो शेयर किए थे। इसमें वे पीले रंग की साड़ी में दुल्हन बनीं नजर आ रही थी। रानी चटर्जी के बहुरिया अंदाज को फैंस ने बहुत पसंद किया।

# निकाय चुनाव में एक तरफा जीत कमल के फूल की होगी : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

## फरीदाबाद में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का रोड शो, लोगों ने बरसाए फूल



**समाचार गेट/नरवीर यादव**
**फरीदाबाद।** भाजपा मेयर प्रत्याशी प्रवीण जोशी और भाजपा पार्षद उम्मीदवारों के समर्थन में रविवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चार रोड शो निकालकर जनता से नगर निगम चुनाव में कमल खिलाने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में भाजपा की लहर है,स्थानीय निकाय चुनाव में एक तरफा जीत कमल के फूल की होगी। सभी रोड शो में उमड़े जनसैलाब से गदगद सीएम सैनी ने कहा कि आज के ऐतिहासिक रोड शो में जनता-जनार्दन ने अपने प्यार और आशीर्वाद के रूप में फूल बरसाए हैं। रोड शो के दौरान हुए स्वागत और सम्मान के लिए मुख्यमंत्री ने सभी लोगों का आभार जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2 मार्च को प्रदेश की जनता-जनार्दन भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार बनाकर रिकॉर्ड मतों से खुशहाली और समृद्धि का कमल खिलाने जा रही है। उन्होंने कहा कि लोगों से मिल रहा प्यार और आशीर्वाद ने स्पष्ट कर दिया है कि भाजपा की एकतरफा जीत होगी और नॉन स्टॉप विकास के लिए हरियाणा में ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त होते हुए कहा कि जो अपार भीड़ रोड शो में उमड़ रही है वो 2 मार्च को वोट के रूप में तब्दील होगी और भाजपा मेयर प्रत्याशी प्रवीण जोशी ट्रिपल इंजन की सरकार में सबसे ज्यादा वोटों से जीतकर मेयर बनेगी और सभी वार्डों में कमल खिलेगा।

**एकजुट होकर कमल खिलाएं, क्षेत्र के विकास की जिम्मेदारी मेरी : नायब**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश की नॉन स्टॉप सरकार और क्षेत्र की ट्रिपल इंजन की सरकार प्रदेश के विकास को नई ऊंचाईयों पर पहुंचाने का काम करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निकाय चुनाव प्रदेश को और अधिक मजबूत बनाने का चुनाव है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि आप लोग एकजुट होकर कमल खिलाएं,आपके क्षेत्र का विकास और तरक्की की जिम्मेदारी मेरी होगी।

**एक झलक पाने को उमड़ा हुजूम**

सभी रोड शो के दौरान लोगों में मुख्यमंत्री नायब सैनी की झलक पाने की ललक थी। नायब सैनी के लिए एक अलग तरह का लगाव रोड शो के दौरान लोगों में नजर आया। भारी संख्या में पहुंचे लोगों ने मोदी जिंदाबाद, नायब सैनी जिंदाबाद और भारत माता की जय के जयकारे लगाए। लोगों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का जगह-जगह भव्य स्वागत किया और फूल बरसाए। रोड शो में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बड़े ही सरल अंदाज में हाथ जोड़कर, हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन किया और 2 मार्च को कमल के फूल के निशान पर वोट देने की अपील की।

**मुख्यमंत्री ने बल्लभगढ़ से की रोड शो की शुरूआत**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बल्लभगढ़ विधानसभा से रोड शो का शुभारंभ किया। बल्लभगढ़ विधानसभा में मुख्यमंत्री ने मेयर प्रवीण बत्रा जोशी और भाजपा के वार्ड 3 प्रत्याशी रवि कश्यप,वार्ड 4 प्रत्याशी संगीता भारद्वाज, वार्ड 40 नवीन चेची, वार्ड 41 महेश गोयल, वार्ड 42 योगेंद्र सैनी, वार्ड 43 श्रीमती स्वराज सिंह, वार्ड 44 प्रदीप तोंगड, वार्ड 45 श्रीमती किरण बाला, वार्ड 46 सोहनवीर के लिए समर्थन माँगा। बल्लभगढ़ विधानसभा रोड शो में मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी, पूर्व कैबिनेट मंत्री मूलचन्द शर्मा, ज़िला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, जिला प्रभारी नरेन्द्र वत्स, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सोहनपाल सिंह, राष्ट्रीय परिषद सदस्य संदीप जोशी, पूर्व ज़िला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, पूर्व ज़िला महामंत्री मूलचंद मित्तल, वरिष्ठ भाजपा नेता टीपरचंद शर्मा, ज़िला महामंत्री सुरेन्द्र जांगड़ा, ज़िला उपाध्यक्ष सुखबीर मलेरना, ज़िला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता मीडिया सह प्रभारी राज मदान उपस्थित रहे। सीएम सैनी ने दूसरा रोड शो एनआईटी विधानसभा में विधायक सतीश फागना, जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा एवं मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी के साथ निकाला और सीएम ने मेयर प्रवीण बत्रा जोशी एवं वार्ड -1 प्रत्याशी मुकेश डागर, वार्ड-2 राजेश डागर, वार्ड-5 शीतल खटाना,वार्ड-6 गायत्री देवी, वार्ड-7 सविता भड़ाना, वार्ड -8 राकेश देवी लोहिया,वार्ड-9 संगीता भाटिया, वार्ड-11 बबिता भड़ाना, वार्ड-10 भगवान सिंह के समर्थन में निकाला और लोगों से वोट देने की अपील की।

**● 2 मार्च को जनता रिकॉर्ड मतों से भाजपा प्रत्याशियों को जिताकर खुशहाली और समृद्धि का कमल खिलाएगी : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी**

**● फरीदाबाद में चार रोड शो मे मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशियों को वोट देने की अपील की**

मुख्यमंत्री ने बड़खल विधानसभा में विधायक धनेश अदलखा, जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा एवं मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी के साथ रोड शो निकालकर मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी एवं वार्ड 12 श्रीमती सुमन बाला, वार्ड 13 श्री हरि कृष्ण गिरोती, वार्ड 15 जसवंत सिंह, वार्ड 16 मनोज नासवा, वार्ड 17 श्रीमती शोभा, वार्ड 18 कर्मबीर सिंह बैंसला, वार्ड 19 जगत सिंह, वार्ड 20 संदीप चपराना, वार्ड 21 वीरेंद्र भड़ाना (बिंदे), वार्ड 22 हरेंद्र कुमार (भड़ाना), वार्ड 23 गजेन्द्र भड़ाना (लालाजी) को विजयी बनाने की अपील।

मुख्यमंत्री सैनी ने तिगाँव विधानसभा में खाद्य मंत्री राजेश नागर,

टेकचंद शर्मा, जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा एवं मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी के साथ मेयर प्रत्याशी एवं तिगांव विधानसभा में वार्ड 24 अजय प्रताप भड़ाना, वार्ड 25 श्रीमती सीमा सुमंत, वार्ड 26 लाल कुमार मिश्रा, वार्ड 27 सरोज शीशराम, वार्ड 28 अमित भारद्वाज, वार्ड 29 अजय सिंह बैंसला, वार्ड 30 अनिल नागर, वार्ड 34 संजीव कुमार, वार्ड 38 श्रीमती अनीता कुमारी के समर्थन में रोड शो निकालकर मुख्यमंत्री ने जनता से ट्रिपल इंजन की सरकार बनाकर विकास को गति देने की अपील की।

# जम्हूरी किसान सभा हरियाणा का सिवानी तहसील का पहला सम्मेलन हुआ सम्पन्न



**सिवानी मंडी। सोनिका सूरा**
सिवानी तहसील का पहला सम्मेलन विक्रम सिवाच की अध्यक्षता में संचालन दरिया सिंह गुढ़ा ने किया। सम्मेलन को राज्य कन्वीनर आजाद सिंह मिरान ने सम्बोधित करते हुए संगठन की विचारधारा के बारे में बताया । उन्होंने बताया कि आज चाचा अजीत सिंह के जन्मदिवस के मौके पर सिवानी तहसील का सम्मेलन हो रहा है । चाचा अजीत सिंह ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ किसान आन्दोलन करके अंग्रेजों के खिलाफ आन्दोलन जीता था । आज देश में बीजेपी सरकार भी वही काले कृषि कानून लागू करना चाहती है। वहीं संगठन के राज्य प्रवक्ता तेजिन्दर सिंह रतिया ने सम्बोधित करते हुए चाचा अजीत सिंह के जीवन के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि चाचा अजीत सिंह ने भारत में किसान आन्दोलन चला ही था, साथ में विदेशों में भी किसानों की समस्यायों पर आंदोलन कर थे। अंग्रेजी हुकूमत को चाचा अजीत सिंह की विचारधारा से खतरा था तो उनको देश निकाला की सजा दे दी थी। उसी दौरान उनको 40 भाषाओं का ज्ञान प्राप्त हुआ । उन्होंने बताया कि जम्हूरी किसान सभा हरियाणा में 2001 से किसानों की समस्याओं पर आन्दोलन में हैं । सभी साथियों से आह्वान किया कि संगठन को मजबूत करने के लिए गांव गांव जाकर मेम्बर शिप करें । वहीं कन्वीनर कमेटी सदस्य बलबीर बागड़ी ने सम्बोधित करते हुए बताया कि आज मोदी सरकार किसान के विरुद्ध कानून बनाकर पूंजीपतियों के लिए काम कर रही हैं । किसान लम्बे समय से एम एस पी की मांग कर रहे हैं, लेकिन मोदी सरकार उसके विपरीत नितियां बना रही है । सम्मेलन में सिवानी तहसील 9 सदस्यीय कमेटी गठन किया गया । जिसमें विक्रम सिवाच प्रधान, कुलदीप खेड़ा उपप्रधान,दरिया सिंह गुढ़ा सचिव,सुनिल बख्तावरपुरा केशियर, संजय बड़वा , निहाल सिंह किकराल, मुकेश जांगड़ा सदस्य सर्वसम्मति से चुनें सम्मेलन 20 डेलीगेट शामिल हुए।

# ब्रह्माकुमारीज सेंटर में शिवजयंती महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया



**समाचार गेट/संजय शर्मा**
**फरीदाबाद।** ब्रह्माकुमारीज सेंटर ,सैक्टर - 46, में शिवजयंती महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति राज्य मंत्री , हरियाणा आदरणीय श्री राजेश नागर उपस्थित रहे। उन्होंने सभी को शिवजयंती की बहुत बहुत बधाई दी। उन्होंने ये भी कहा कि वे ब्रह्मा कुमारीज के मुख्यालय माउंट आबू गए हैं। वो बहुत ही सुंदर स्थान है। सबको उस स्थान की यात्रा करनी चाहिए। सभी भगवान से जुड़े और अपने जीवन को श्रेष्ठ बनाए। वो खुद भी ब्रह्मा कुमारीज से काफी समय से जुड़े हुए है । राजयोगिनी बी के हरीश दीदी जी ( इंचार्ज सेक्टर - 19) ने शिव जयंती का महत्व बताया कि परम पिता परमात्मा शिव ज्योति बिंदु कलयुग के अंत में सृष्टि पर अवतरित होते है प्रजापिता ब्रह्मा के तन में प्रवेश होकर उनके द्वारा स्वर्णिम दुनिया की स्थापना करते हैं। ज्ञान का प्रकाश फैलाकर अज्ञानता के अंधकार को दूर करके मानव जीवन को श्रेष्ठ बनाते हैं। सेक्टर - 46 ब्रह्माकुमारी सेंटर की इंचार्ज बी के मधु दीदी ने कहा कि शिव परमात्मा को हम सभी अपनी कमी कमजोरियां दे दें।और उनसे योग लगाकर सुख, शांति, खुशी , समृद्धि शक्तियां प्राप्त करें। अपने सारे बोझ, चिंता, दुख, फिकर अपने पिता परमात्मा को सौंप दें। वो सबका सुख कर्ता - दुख हर्ता है।

# जाट संस्था में किया रक्तवीरों ने किया रक्तदान



**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**
**फरीदाबाद।** हरियाणा युवा संघ फरीदाबाद और जाट संस्था फरीदाबाद के तत्वाधान में आज प्याली चौक स्थित जाट संस्था की धर्मशाला में संतों के गुरुद्वारे के सहयोग से महा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 83 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। इस मौके पर हरियाणा युवा संघ के संस्थापक अनिल दहिया व जाट संस्था के प्रधान आजाद सिंह सांगवान ने रक्तवीरों की हौंसला अफ्जाई करते हुए कहा कि प्रत्येक स्वस्थ को वर्ष में कम से कम तीन बार अवश्य रक्तदान करना चाहिए। आपके द्वारा भेंट किया गया रक्त सडक दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति, बीमार लोगों व गर्भवती महिलाओं को चढ़ाया जाएगा। इस मौके पर अनिल दहिया व आजाद सिंह सांगवान ने कहा कि जाट समाज जनहित के कार्यों को करने में कभी पीछे नहीं हटता है। श्री दहिया ने बताया कि हरियाणा युवा संघ फरीदाबाद पिछले कई वर्षों से ग्रामीण अंचल से जुड़ा खेल कब्ड्डी व हरियाणवीं रागनी को बढ़ावा देने में लगा हुआ है। इस अवसर पर हरियाणा युवा संघ के प्रधान संजय खासा,

महासचिव संदीप पहल, कोषाध्यक्ष अजय दहिया, जाट संस्था फरीदाबाद के प्रधान आजाद सिंह सांगवान, महासचिव रामनिवास केंदल, कोषाध्यक्ष धर्मपाल ओला सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# हरियाणा में त्रिभाषा सूत्र लागू होने पर संस्कृत भाषा को मिलेगा बढावा:अशोक बुचोली

### -नए शिक्षा सत्र से नोवीं व दसवीं कक्षा के विद्यार्थी पढ सकेगें संस्कृत भाषा

**कनीना सुनील दीक्षित**
संस्कृत भाषा के चाहने वाले विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। अप्रैल माह से शुरू होने वाले नए शिक्षा सत्र से हरियाणा के विद्यालयों में कक्षा नोवीं व दसवीं के लिए तीसरी भाषा संस्कृत मिलेगी। माना जा रहा है कि हरियाणा में त्रिभाषा सूत्र लागू करने को लंबे समय से प्रयासरत संस्कृत भारती के प्रयासों को कामयाबी मिल गई है। इस बारे में स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से पत्र भी जारी किया गया है। इस बारे में चेयरमैन अशोक शर्मा बुचोली ने बताया कि नई शिक्षा नीति 2020 के तहत स्कूल शिक्षा में त्रिभाषा सूत्र लागू करना प्रस्तावित था। इसके तहत हिंदी और अंग्रेजी के साथ एक स्थानीय भाषा को विषय के रूप में लागू किया जाना था। हरियाणा में संस्कृत प्रभावी भाषा के रूप में अपनी मौजूदगी दर्ज कराती रही है। ऐसे में संस्कृत को त्रिभाषा सूत्र में लागू करवाने के लिए संस्कृत की चाहत रखने वालों द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे थे। इन प्रयासों को संस्कृत भारती ने सिरे चढ़वाने का कार्य किया है। संस्कृत प्रदेश में तीसरी बड़ी भाषा के रूप में अपना प्रभाव कायम रखे इसके लिए संस्कृत भारती ने स्कूली पाठ्यक्रम में संस्कृत की उपयोगिता के लिए आंकड़े जुटाकर हरियाणा सरकार और विद्यालय प्रशासन से लगातार संपर्क साधे रखा। प्रदेश के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, शिक्षा निदेशक, एएसीएस के साथ कई दौर की बैठकें हुई। जिसमें त्रिभाषा सूत्र लागू होने में मदद मिली। ये सूत्र लागू होने के बाद उच्च विद्यालयों में संस्कृत विषय के अध्यापकों की मांग बढ़ेगी। इससे संस्कृत विषय में रोजगार के और अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड और हिमाचल की द्वितीय राज्य भाषा संस्कृत है। अनेक प्रदेशों में संस्कृत अकादमी हैं और राजस्थान में अलग से संस्कृत निदेशालय है। संस्कृत भारती संगठन के विशेष प्रयास से भारत में ही नहीं बल्कि विश्व के 30 से अधिक देशों में लाखों लोग संस्कृत पढ़ने के साथ-साथ व्यवहारिक रूप से बोल रहे है। हजारों संस्कृत परिवार हैं

# चुनावी ग्राउंड रिपोर्ट दिनरात कंपेनिंग कर मतदाताओं को रिझा रहे प्रत्याशी

## -14 वार्डों के लिए 41 पार्षद व 7 चेयरपर्सन उम्मीदवार हैं चुनाव मैदान में

### - पुत्रवधु प्रत्याशी होने से दो पूर्व प्रधानों की प्रतिष्ठा भी दांव पर



**कनीना सुनील दीक्षित**
आगामी 2 मार्च को होने वाले कनीना नगरपालिका चुनाव को लेकर प्रत्याशियों द्वारा दिनरात एक कर कंपेनिंग की जा रही है। अब उन्हें सपने में भी मतदाता दिखाई दे रहे हैं। मतदाताओं द्वारा जो समस्याएं रखी जा रही हैं उनका भी शीघ्रता से समाधान का आश्वासन दिया जा रहा है। उनकी ओर से आमजन से जुडी रोजमर्रा की बुनियादी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया जा रहा है। बता दें कि कनीना में कुल 10413 मतदाता हैं, जिनमें 5376 पुरूष व 5037 महिला मतदाता शामिल हैं। जो 14 वार्डों में विभाजित हैं। जिनके लिए 14 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जहां मतदाताओं के लिए पेयजल सहित बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होगीं। जातिगत समीकरणों के लिहाज से यहां पर करीब 5 हजार अहीर, एक हजार महाजन, 700 ब्राहमण, 500 जांगिड, तीन हजार एसी-बीसी, मिरासी गोस्वामी व अन्य मतदाता शामिल हैं। सभी मतदान केंद्रों का एसडीएम कनीना द्वारा निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जाजया लिया जा चुका है। कोई भी संवेदनशील बूथ नहीं बनाया गया है। जरूरत के मुताबिक सुरक्षा के इंतजाम किए जाएगें। चुनाव मैदान में 7 महिला प्रत्याशी चेयरमैन पद व 41 प्रत्याशी वार्ड मेम्बर के रूप में डटे हुए हैं जो जनसंपर्क अभियान में जुटे हुए हैं। जिनके लिए 2 मार्च को सुबह आठ बजे से सायं छह बजे तक मतदान होगा। चेयरमैन पद के चुनाव में पूर्व नपा चेयरमैन मा दलीप सिंह व राजेंद्र सिंह लोढा की पुत्र वधु उम्मीद्वार होने से उनकी प्रतिष्ठा दांव पर है। चेयरमैन के लिए सुमन देवी, रिंपी कुमारी, सरिता सिंह, कुसुमलता, संतोष देवी, सबिता देवी व सुमन सहित सात महिला उम्मीद्वार चुनाव मैदान में हैं। जिनमें मुकाबला माना जा रहा है। इसी प्रकार 14 वार्डों के मुकाबले 41 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जिनकी ओर से चुनाव प्रचार किया जा रहा है। वार्ड मेंबर के प्रत्याशियों में वार्ड नम्बर एक से मंजू व निर्मला दो से सुनील कुमार व दीपक सिंह तीन से उषा यादव,सुमेर सिंह व थान सिंह चार से अंजू,रेखा रानी, रेखा व प्रियंका सोनी पांच से कमल यादव, राजकुमार व पंचम यादव छह से हेमराज, संदीप कुमार व राकेश कुमार सात से उषा देवी, राजेश देवी व कमला देवी आठ से नीलम कुमारी व पूजा नो से राजेश कुमार, सजन सिंह, नितेष गुप्ता, पूनम कुमार व दीपक कुमार 10 से नितिन, योगेश व अनिल कुमार 11 से होशियार सिंह व रविंद्र कुमार 12 से राखी कुमारी, पूनम यादव व सुमन देवी 13 से ममता, प्रदीप यादव, सुबेसिंह व देशराज 14 से राजेंद्र सिंह व अनूप यादव चुनाव मैदान में है। एक,दो,आठ, 11 व 14 वार्डों में दो-दो प्रत्याशी रहने से उनमें मुकाबला माना जा रहा है। चुनाव अधिकारी एसडीएम डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत ने बताया कि कनीना में नपा प्रधान का पद सामान्य वर्ग की महिला के लिए आरक्षित किया गया है। दो मार्च को ईवीएम से शांतिपूर्वक मतदान के लिए सभी बंदोबस्त किए जा रहे हैं। आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन किया जायेगा। कनीना में आने वाले प्रवेश मार्गो पर नाके लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि 12 तारीख को सुबह आठ बजे से कडी सुरक्षा के बीच राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनीना में मतगणना की जायेगी।